Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 340 | शनिवार, 13 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# पीएम मोदी ने यूपी के राजग सांसदों से की मुलाकात

## बोले- मैं आपके साथ बस काम कीजिए

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश के राजग सांसदों ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके संसद कक्ष में मुलाकात की। यह मुलाकात शीतकालीन सत्र के दौरान हुई। इस सत्र में प्रधानमंत्री विभिन्न राज्यों के राजग सांसदों से मिल रहे हैं।सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के राजग सांसदों की बैठक सकारात्मक और उत्साहवर्धक नोट पर समाप्त हुई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसदों को सलाह दी कि वे सुनिश्चित करें कि सरकार का कार्य जनता तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचे। इसके लिए तकनीक का उपयोग करें। उन्होंने मजबूत संचार की आवश्यकता पर जोर दिया और सांसदों से आग्रह किया कि वे इंटरनेट मीडिया पर अधिक सक्रिय रहें ताकि जनता तक पहुंच बढ़ सके। बैठक के दौरान



प्रधानमंत्री ने सांसदों को अपने पूरे समर्थन का आश्वासन देते हुए कहा, ''ये मजदूर आपके साथ खड़ा है, आप बस काम कीजिए।''कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये पार्टी केवल वादे करती है और चुनावों के नजदीक आने पर ही गतिविधियों का प्रदर्शन शुरू करती है। उन्होंने उल्लेख किया कि इसके विपरीत राजग सरकार पूरे वर्ष लगातार काम करती है, फिर भी उसकी योजनाओं और उपलब्धियों को अक्सर जनता के बीच पर्याप्त प्रचार नहीं मिलता। इस बैठक का उद्देश्य संचार प्रयासों को सुव्यवस्थित करना और उत्तर प्रदेश में नागरिकों के साथ गठबंधन की भागीदारी को मजबूत करना था। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह विगत गुरुवार को राजग सांसदों को रात्रिभोज के लिए आमंत्रित करके खुश हैं और राजग परिवार अच्छे शासन, राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। भाजपा नीत गठबंधन आगे भी भारत के विकास की दिशा को मजबूत करने के लिए एक साथ काम करता रहेगा।

### सरकार का बड़ा फैसला

# मनरेगा हुई 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना', 100 नहीं 125 दिन होगा काम



नई दिल्ली।

केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम (मनरेगा) का नाम बदलने और काम के दिनों की संख्या बढ़ाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। सूत्रों के मुताबिक, इस योजना का नाम अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' कर दिया जाएगा और इसके तहत काम के दिनों की संख्या भी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। मनरेगा या नरेगा का मकसद ग्रामीण इलाकों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा बढ़ाना है।इसके तहत एक पात्र परिवार को एक वित्त वर्ष में कम से कम 100 दिनों की रोजगार गारंटी दी जाती है। इस योजना को 2005 में लागू किया गया था। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (एनआरईजीए), जिसका नाम बाद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) के रूप में बदल दिया गया, एक श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय है जिसका उद्देश्य ३काम के अधिकार३ की गारंटी देना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। सूत्रों के अनुसार योजना के ढांचे में बदलाव के साथ इसके नाम में परिवर्तन पर भी मंथन हो चल रहा है। लेकिन समाचार एजेंसी प्रेट्र के अनुसार कैबिनेट ने मनरेगा का नाम बदलने और इसके तहत कार्यदिवस बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। कई राज्यों में फर्जी जाब कार्ड बनाकर करोड़ों रुपये की मजदूरी निकालने के मामले सामने आए हैं। डिजिटल हाजिरी प्रणाली में फोटो और डाटा दुहराव, गलत अपलोडिंग और तकनीकी त्रुटियों की वजह से गड़बड़ियां बढ़ी हैं। ऐसे में कई राज्यों को मजबूरी में डिजिटल हाजिरी को अस्थायी रूप से रोककर मैनुअल सत्यापन अपनाना पड़ा है। इसके अलावा मनरेगा के तहत होने वाले कई कार्य गांवों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप नहीं होते।

कुछ क्षेत्रों में कार्य की गुणवत्ता कमजोर पाई गई है या काम अधूरा छोड़ दिया जाता है। बजट की कमी, कमजोर ऑडिट और स्थानीय स्तर पर निगरानी में सुस्ती भी समस्याओं को बढ़ाती रही है। इन सारी विसंगतियों को दूर करने और योजना को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से सरकार अब व्यापक पुनर्संरचना पर विचार कर रही है।

### मनरेगा को नए स्वरूप में ढालने की तैयारी

मनरेगा योजना शुरू हुए लगभग दो दशक हो चुके हैं। लंबा समय बीतने के साथ योजना में कई तरह की कमियां और विसंगतियां उभर आई हैं। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए केंद्र सरकार शीर्ष स्तर पर मनरेगा के संपूर्ण ढांचे में व्यापक सुधार पर गंभीरता से विचार कर रही है।

### मजदूरी भुगतान समय पर नहीं होना सबसे बड़ी समस्या

योजना में सुधार की जरूरत कई वजहों से महसूस की जा रही है। सौ दिन रोजगार के वैधानिक अधिकार के बावजूद देश में केवल लगभग सात प्रतिशत परिवारों को ही पूरे सौ दिन का रोजगार मिल पाता है। मजदूरी भुगतान समय पर नहीं होना सबसे बड़ी समस्या के रूप में सामने आया है। बैंकिंग गड़बड़ियों और प्रशासनिक देरी के कारण 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं हो पाता और विलंब मुआवजा भी नगण्य होता है।

## उत्तर-भारत भीषण ठंड की चपेट में, पहाड़ी राज्यों में पारा शून्य से कम

**नई दिल्ली।** दिसंबर के दूसरे सप्ताह में उत्तर-मध्य भारत भीषण ठंड, घने कोहरे और प्रदूषण तीनों के संयुक्त असर से जूझ रहा है। जहां पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पारा शून्य से नीचे लुढ़ककर पानी जमाने लगा है, वहीं गंगा-सिंधु के मैदानी इलाकों में धुंध, नमी और जहरीली हवा ने लोगों का सांस लेना मुश्किल कर दिया है। दिल्ली में ठंड बढ़ने वाली है। उधर, उत्तर-पूर्व में सक्रिय उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम और 13 दिसंबर से आने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते देश के बड़े भूभाग में मौसम और बदलने वाला है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार देश के कई हिस्सों में दिसंबर की ठंड अपने असली रूप में दिखाई देने लगी है। उत्तर भारत के गंगा-सिंधु मैदानों में इस समय सर्दी, प्रदूषण कोहरे और धुंध का मिला-जुला प्रहार देखा जा रहा है। कम तापमान, हवा की धीमी गति और नमी के कारण प्रदूषक वातावरण में नीचे की सतह पर अटके रहते हैं, जिससे धुंध और धुआं मिलकर घना स्मॉग बना देते हैं। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी यूपी और राजस्थान के कई हिस्सों में यह परत मोटी हो रही है, जिससे दृश्यता घटने के साथ-साथ सांस से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह के समय हवा में प्रदूषक कण सबसे अधिक सक्रिय रहते हैं और ऐसे में बाहर निकलना स्वास्थ्य के लिए अधिक जोखिमपूर्ण हो सकता है।



# कोलकाता पहुंचे स्टार फुटबॉलर मेसी



कोलकाता।

अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का कोलकाता में हजारों फैंस ने जोरदार स्वागत किया।मेसी अपने तीन दिवसीय, चार शहरों के ऋडअळ इंडिया टूर 2025 के लिए कोलकाता पहुंचे थे। शनिवार तड़के 2:26 बजे बार्सिलोना के इस दिग्गज खिलाड़ी के आगमन ने पूरे शहर को उत्साह से भर दिया। मेसी भारत पहुंच चुके हैं। शनिवार को कोलकाता से अपने भारत दौरे की शुरूआत कर रहे फीफा विश्वकप की मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना टीम के कप्तान लियोन मेसी की एक झलक पाने को प्रशंसक बेताब हैं। फुटबाल प्रेमियों की इस बेताबी और दीवानगी को भुनाने में आयोजक भी कोई सर नहीं छोड़ रहे। उन्होंने मेसी से निजी तौर पर मिलने से लेकर उनके सम्मान करने के लिए 95 लाख रुपये तक के पैकेज तय कर दिए है। वहीं मेसी के साथ अन्य यादगार लम्हों की चाह के लिए लाखों रुपये के अलग-अलग टिकट स्लॉट हैं। इनमें से कई स्लाट बुक हो चुके हैं। हालांकि, आयोजकों ने अभी यह नहीं बताया है कि कुल कितने स्लट बुक हो चुके हैं और कितने बचे हुए हैं।

## रूस व यूक्रेन शांति समझौते में देरी पर भड़के ट्रंप

**वॉशिंगटन।** रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक युद्ध विराम को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। रूस और यूक्रेन में शांति समझौते को लेकर हो रही देरी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भड़क उठे हैं। उन्होंने दोटूक रूप से कहा है कि अब बैठकें बहुत हो चुकीं, मुझे सिर्फ नतीजा चाहिए।

# गाजियाबाद में 40.23% और लखनऊ में 30.86% वोट कटेंगे

लखनऊ।

आयोग के लाख जतन के बावजूद पूरे प्रदेश में अभी तक 2.98 करोड़ लोगों के गणना प्रपत्र संग्रहीत न होने की स्थिति में हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 11.41 लाख (40.23) और लखनऊ में 12.32 लाख (30.86 प्रतिशत) नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। आयोग के लाख जतन के बावजूद पूरे प्रदेश में अभी तक 2.98 करोड़ लोगों के गणना प्रपत्र संग्रहीत न होने की स्थिति में हैं। हालांकि, इसी स्थिति को देखते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना प्रपत्र वितरित करने और जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 दिसंबर कर दी गई है। आयोग के उच्चपदस्थ सूत्रों के



मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मतदाता स्थायी रूप से अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डबल वोट वाले मिल रहे हैं। आयोग की 12 दिसंबर की शाम 4 बजे की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में 19.31 प्रतिशत गणना प्रपत्र असंग्रहीत श्रेणी में हैं, जोकि 2,98,19,053 हैं। उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए नवंबर में फ्रीज की गई मतदाता सूचियों में 15,44,30,092 मतदाता दर्ज हैं। इनमें से 80.69 प्रतिशत मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज हो चुके हैं। बलरामपुर (26.72%), कानपुर नगर (25.62%), प्रयागराज (25.48%), गौतमबुद्धनगर (25.32%), मेरठ (25.26%), आगरा (23.65%), शाहजहांपुर (23.16%), हापुड़(22.67%), कन्नौज (22.19%), फरूर्खाबाद (21.72%), बरेली (21.33%), बदायूं (21.08%), बहराइच (20.91%), सिद्धार्थनगर (20.65%), संभल (20.61%), संतकबीरनगर( 20.36%), प्रतापगढ़ (20.09%), सीतापुर (20%)।

# 'वैवाहिक दुष्कर्म के खिलाफ देश में उचित कानून बेहद जरूरी': शशि थरूर



**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि वह इस बात से हैरान हैं कि कड़े दुष्कर्म विरोधी कानून होने के बावजूद भारत उन कुछ लोकतंत्रिक देशों में से एक है, जहां वैवाहिक दुष्कर्म को उतनी गंभीरता से नहीं देखा जाता, जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। कोलकाता में गुरुवार को प्रभा खेतान फाउंडेशन और फिक्की लेडीज आर्गनाइजेशन के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत में मजबूत दुष्कर्म विरोधी कानून है, लेकिन पतियों के लिए अपवाद भी हैं। उन्होंने सवाल किया कि उन्हें (पतियों को) छूट क्यों दी जानी चाहिए? उन्होंने कहा कि अगर कोई अपने जीवनसाथी का सम्मान नहीं करता है और वैवाहिक संबंधों का हवाला देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ दुष्कर्म करता है तो यह कानून का उल्लंघन है। यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रविधान एक पुरानी धारणा पर आधारित है कि विवाह एक पवित्र संस्कार है और इसके भीतर जो कुछ भी होता है, उसे अन्यथा वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि वैवाहिक दुष्कर्म के खिलाफ एक उचित कानून देश में बेहद जरूरी है। हालांकि, यह दुखद है कि विशेष मंत्रालय संभालने वाली महिला मंत्रियों ने भी इस तरह के अत्याचारों को रोकने के लिए इस पहलू पर ध्यान नहीं दिया।

# पड़ोसी राज्यों में कोयले के उपयोग को खत्म करने की तैयारी, नए थर्मल पावर प्लांट लगाने पर रोक लगा सकती है सरकार

नई दिल्ली।

एनसीआर की सीमा से परे जाकर, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) चार पड़ोसी राज्यों में उद्योगों में कोयले के उपयोग को पूरी तरह खत्म करने के प्रयासों में जुट गया है। आयोग ने इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट को भी अवगत कराया है। आगामी कुछ महीनों के दौरान चरणबद्ध रूप में इसके परिणाम देखने को मिल सकते हैं। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। सीएक्यूएम ने 19 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट को प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कुछ उपायों की सूची दी है। उसमें दिल्ली से सटे राज्यों के गैर-एनसीआर वाले जिलों में उद्योगों में कोयले के उपयोग पर रोक लगाने का सुझाव दिया है। यह अन्य उत्सर्जन स्त्रोतों के साथ-साथ गैर-एनसीआर क्षेत्रों में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर भी ध्यान केंद्रित करने की दिशा में बड़े बदलाव का संकेत है। अभी तक, एनसीआर क्षेत्रों से परे वायु प्रदूषण के स्त्रोतों के खिलाफ कार्रवाई पराली जलाने, ईंट भट्टों व थर्मल पावर प्लांटों से होने वाले उत्सर्जन पर केंद्रित थी। राज्यों से मांगी कार्ययोजनासुप्रीम कोर्ट को अवगत कराने के बाद सीएक्यूम ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब से कहा है कि वे एनसीआर से बाहर के उन शहरों मे भी उद्योगों में कोयले के प्रयोग पर रोक लगाएं, जो दिल्ली के 300 किमी के दायरे में आते हैं।



## संपादक की कलम से

# अराजकता का कूपन

अब इंडिगो ने अपनी अराजकता पर पर्दा डालने के मद्देनजर कूपन (वाउचर) बांटने की पेशकश की है। ये कूपन 10,000 रुपए के होंगे और गंभीर रूप से प्रभावित यात्रियों को ही दिए जाएंगे। क्या ऐसे यात्रियों की परिभाषा और पात्रता इंडिगो ने स्पष्ट की है? क्या सरकारी तंत्र भी 9 लाख से अधिक यात्रियों की परेशानी और नुकसान की कीमत की भरपाई इस कूपन को स्वीकार कर रहा है? क्या अदालत इस कूपन को मान्यता देगी? फिलहाल मौखिक बयान आ रहे हैं कि ये कूपन मुआवजे से अतिरिक्त होंगे। यात्री अगले 12 माह तक इंडिगो की किसी भी यात्रा में इन कूपन का उपयोग कर सकेंगे, लेकिन इंडिगो ने डीजीसीए के नियमानुसार अभी तक मुआवजा नीति को अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक नहीं किया है। यह अनिवार्य नियम है। सरकारी निर्देश ये भी हैं कि मुआवजा नकद, बैंक ट्रांसफर अथवा यात्री की सहमति पर ही कूपन के रूप में दिया जा सकता है। एकतरफा कूपन की पेशकश नियमानुसार नहीं है। बहरहाल देश ने टीवी चैनलों पर एक चित्र देखा होगा, जिसमें इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स हाथ जोड़े केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू के पास बैठे हैं, मानो देश से माफी मांग रहे हों! देश ऐसे माफ नहीं करेगा। इंडिगो ने उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती का शैड्यूल सरकारी तंत्र के सामने रखा है, लेकिन गुरुवार, 11 दिसंबर, को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु की 220 उड़ानें भी कंपनी ने रद्द की हैं। ऐसा क्यों किया गया? क्या यह पूर्वघोषित था? नतीजा यह रहा कि यात्रियों को एक बार फिर तकलीफ, परेशानी उठानी पड़ी। इंडिगो की कार्य-प्रणाली और गवर्नेंस मॉडल की जांच सेबी और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने भी शुरू कर दी है। इंडिगो का संचालन मॉडल ही संदेह के घेरे में माना जा रहा है। सेबी का बयान आया है कि सूचीबद्ध कंपनियों को नोटिस जैसी संवेदनशील जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को देनी होती है। इंडिगो को डीजीसीए ने ही दो गंभीर नोटिस जारी कर रखे हैं। चार सदस्यीय समिति ने भी कंपनी के सीईओ से सवाल-जवाब किए हैं। इंडिगो के मुख्यालय में डीजीसीए की निगरानी टीम तैनात कर दी गई है, जिसमें तकनीकी अधिकारी भी हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक न तो कोई जुमार्ना थोपा है और न ही कोई अन्य दंड दिया है, बल्कि गुरुवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से संसद को बताया गया कि इंडिगो ने 2024-25 में कुल 7253 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जबकि अन्य विमानन कंपनियां घाटे में रहीं। सरकार को इस पहलू की भी चिंता करनी पड़ेगी कि विमानन कंपनियां घाटे में क्यों हैं? क्या इंडिगो उनकी उड़ानों पर कब्जा करके मुनाफा कमा रही है? यही कारण हो सकता है कि इंडिगो का विमानन क्षेत्र में एकाधिकार है। क्या इससे देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित नहीं होती? जब इंडिगो के कारण देश के लाखों यात्री बंधक की स्थिति में थे, तो दूसरी कंपनियों ने खूब कालाबाजारी की। यह सवाल दिल्ली उच्च न्यायालय में भी उठा कि विमानन कंपनियों ने सरकार द्वारा किराया तय करने, फ्रीज करने के बावजूद 80-90 हजार रुपए तक का किराया कैसे वसूल किया? उच्च न्यायालय का निर्देश है कि लूट की यह रकम यात्रियों को वापस की जाए। भारत कोई केला गणतंत्र देश नहीं है कि मनमर्जी के किराए वसूले जाएंगे और इंडिगो जैसी कंपनियां सरकार के आदेशों को मानने से इंकार कर देंगी। इंडिगो ने यह नहीं बताया है कि कितनी देरी, मिस्ड कनेक्शन अथवा रात भर फंसे यात्रियों को स्वत: ही कूपन का पात्र मान लिया जाएगा। एक अनुमान बताया जा रहा है कि 5000 से अधिक उड़ानें रद्द की गई, लिहाजा करीब 5 लाख यात्रियों को गंभीर रूप से प्रभावित मानना चाहिए। यह तो इंडिगो स्पष्ट करेगी। बहरहाल यह आर्थिक अराजकता भी है और सार्वजनिक सेवा में एकाधिकार का दुरुपयोग भी है, लिहाजा सभी विमानन कंपनियों को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। यह दायित्व भारत सरकार का ही है।



ललित शर्मा
संपादक

# पाक में हिन्दू-सिख अल्पसंख्यकों की चिन्ताजनक तस्वीर



ललित गर्ग




पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के हालात पर उठती चिंताएँ कोई नई बात नहीं हैं, पाक में हिन्दू-सिख अल्पसंख्यकों पर किस कदर अत्याचार हो रहे हैं और यह समस्या दिन-ब-दिन गहरी होती गयी है। लेकिन हाल ही के आधिकारिक आँकड़ों ने एक बार फिर इस सच्चाई को निर्मम रूप से सामने ला दिया है कि वहाँ रहने वाले हिंदू और सिख किस हद तक उत्पीड़न और भय के माहौल में जी रहे हैं। पाकिस्तान की संसदीय अल्पसंख्यक समिति ने स्वयं स्वीकार किया है कि वर्ष 1947 में वहाँ 1817 हिंदू मंदिर और गुरुद्वारे विद्यमान थे, लेकिन आज इनकी संख्या सिमटकर मात्र 37 रह गई है। यानी 1285 हिंदू मंदिर और 532 गुरुद्वारों का या तो अस्तित्व मिटा दिया गया, या उन पर जबरन कब्जा कर लिया गया, अथवा उन्हें जानबूझकर खंडहर में बदल दिया गया। यह आँकड़ा सिर्फ किसी धार्मिक स्थल का नहीं, बल्कि एक सभ्यता, एक संस्कृति और एक समुदाय के आत्मसम्मान व अस्तित्व की धीमी हत्या का प्रमाण है। यह पाक की अमानवीयता एवं संकीर्ण साम्प्रदायिक सोच का त्रासद सोच का प्रमाण है।

आधुनिक संसार में किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके आर्थिक विकास, सैन्य ताकत या राजनीतिक स्थिरता से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने नागरिकों-विशेष रूप से अल्पसंख्यकों को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। धार्मिक स्वतंत्रता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी शर्त है, लेकिन पाक में यही बुनियाद डांवाडोल होती दिखाई देती है। मंदिरों और गुरुद्वारों को ध्वस्त करना, उन्हें खंडहर होने के लिए छोड़ देना, या बहुसंख्यकों द्वारा उन पर कब्जा कर लेना महज भौतिक आक्रमण नहीं, बल्कि भारतीय मूल के समुदायों की संस्कृति, उनकी स्मृतियों और उनकी पहचान पर गहरा प्रहार है। यह भारतीयों के प्रति और विशेषतः हिन्दुओं के प्रति पाक के विकृत एवं संकीर्ण दृष्टिकोण का द्योतक भी है। जब एक समुदाय अपने आराधना-स्थलों से वंचित किया जाता है, तो उसका सामाजिक मनोबल टूटता है, सुरक्षा-बोध क्षीण होता है और उनमें विस्थापन की भावना गहरी पैठ बना लेती है। यही कारण है कि पाकिस्तान बनने के समय वहाँ लगभग 15 प्रतिशत हिंदू-सिख आबादी थी, जो आज घटकर 1.6 प्रतिशत से भी कम रह गई है। जबकि भारत में मुस्लिमों की आबादी करीब 2 प्रतिशत से आज 23-24 प्रतिशत हो गयी है।

धार्मिक कट्टरता और असहिष्णुता की इस प्रवृत्ति ने पाक को न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया है, बल्कि उसकी आंतरिक सामाजिक संरचना को भी खोखला कर दिया है। प्रश्न यह नहीं कि मंदिर गिराए गए या गुरुद्वारों पर कब्जा हुआ, बल्कि यह कि ऐसा करने की मानसिकता क्यों पनपती रही और राज्य की संस्थाएँ इस विनाश को रोकने में क्यों असमर्थ या अनिच्छुक बनी रहीं? जिस समय विश्व के अनेक मुस्लिम देश धर्मनिरपेक्षता और सांस्कृतिक सह-अस्तित्व की ओर बढ़ रहे हैं, पाकिस्तान लगातार अपने भीतर कट्टरता, कटुता और धार्मिक बहिष्कार की आग को पोषित करता रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में भव्य स्वामीनारायण मंदिर से लेकर सऊदी अरब में भारतीय कर्मचारियों के लिए पूजा स्थल की व्यवस्था तक-यह उदाहरण बताते हैं कि इस्लामिक देशों में भी आधुनिकता और धार्मिक सहिष्णुता का समन्वय संभव है। ओमान, बहरीन, कुवैत, कतर और इंडोनेशिया जैसे देशों में मंदिरों और अन्य अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों का संरक्षण न केवल वहाँ के उदार वातावरण को दशार्ता है, बल्कि यह भी कि वे समझते हैं कि विविधता ही प्रगति का असली आधार है। इंडोनेशिया में सैकड़ों हिंदू-बौद्ध मंदिर संरक्षित हैं। यही कारण है कि हिंदू प्रोफेशनल्स और भारतीय पर्यटक इन देशों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। इसके ठीक विपरीत पाकिस्तान की उल्टी सोच ने उसे बर्बाद कर दिया है।

इसके उलट पाकिस्तान की सोच न केवल प्रतिगामी है, बल्कि आत्मविनाश की ओर ले जाने वाली भी है। धार्मिक स्थलों का विनाश केवल अतीत का मामला नहीं; आज भी कई स्थानों पर हिंदू और सिख परिवार सामाजिक दबाव, जबरन धर्मांतरण, अपहरण और उत्पीड़न जैसी समस्याओं से जूझते रहते हैं। मंदिरों पर हमला सिर्फ पत्थरों की दीवारें गिराने भर की घटना नहीं, यह उन लोगों की आस्था और अस्तित्व पर चोट है जो पीढ़ियों से इस भूमि का हिस्सा रहे हैं। ये वे लोग हैं, जिन्होंने विभाजन के घावों के बावजूद अपनी मिट्टी, अपनी स्मृतियों और अपने इतिहास से नाता नहीं तोड़ा, परंतु बदले में उन्हें जो मिला वह भय, अपमान और अविश्वास का माहौल है। पाकिस्तान की समस्या सिर्फ कट्टरपंथ की नहीं, बल्कि उस संरचनात्मक असमानता की भी है जिसे राज्य ने वर्षों तक प्रश्रय दिया है। यदि शासन-व्यवस्था अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों की रक्षा नहीं कर सकती, यदि पुलिस और प्रशासन अत्याचारों पर कार्रवाई नहीं करते, यदि न्यायपालिका पीड़ितों की सुनवाई नहीं करती, तो स्पष्ट है कि राष्ट्र अपनी आत्मा खो चुका है। दुनिया के किसी भी देश की प्रगति का मापक यह नहीं कि उसकी जीडीपी कितनी है, बल्कि यह कि उसके सबसे कमजोर नागरिक कितने सुरक्षित हैं। आज पाकिस्तान की छवि एक ऐसे राष्ट्र की बन चुकी है, जहाँ अल्पसंख्यकों के जीवन, आस्था और अस्तित्व को निरंतर खतरा है।

पाकिस्तान की सरकारें वर्षों से जिस कट्टरवादी सोच और भारत-विरोधी नजरिए को अपना आधार बनाती रही हैं, वह न केवल विश्व समुदाय में उसकी छवि को गिरा रहा है, बल्कि स्वयं पाकिस्तान को भी विनाश के कगार पर पहुँचा चुका है। आतंकवाद को रणनीतिक औजार बनाकर और सैन्य खर्चों को अनियंत्रित रूप से बढ़ाकर उसने अपने ही देश की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। दुनिया जब भारत की धरती से गूंजे ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व के मंत्र को अपनाकर सहयोग, शांति तथा वैश्विक भाईचारे की दिशा में आगे बढ़ रही है, तब पाकिस्तान कट्टरवाद की राजनीति को सहारा देकर मानवता को विभाजित करने में जुटा हुआ है। भारत के प्रति उसकी शत्रुतापूर्ण मानसिकता, सीमापार आतंकवाद का समर्थन और विश्व बिरादरी में हानिकारक कदम आज विश्व शांति के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसी नासमझ नीतियों ने पाकिस्तान को विकास, स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय विश्वास-तीनों से वंचित कर दिया है।

कट्टरवाद को पोषित करने की यह नीति केवल राजनीतिक विफलता नहीं, बल्कि पाकिस्तान की आम जनता के जीवन पर एक भारी बोझ बन चुकी है। देश की अर्थव्यवस्था बदहाल है, महंगाई आसमान छू रही है, बेरोजगारी चरम पर है और जनता भुखमरी की दहलीज पर खड़ी है। सबसे अधिक संकट में वहाँ के अल्पसंख्यक समुदाय हैं, जिन पर धार्मिक उन्माद और संकीर्ण सोच की दोहरी मार पड़ रही है-मंदिरों पर हमले, जबरन धर्मांतरण, अपहरण और जनजीवन में भय का वातावरण यह स्पष्ट प्रमाण हैं कि पाकिस्तान में मानवाधिकार कितने खोखले हैं। आम लोग भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में त्रस्त हैं, परंतु सत्ता अपने लोगों की पीड़ा सुनने के बजाय कट्टरवाद को राजनीतिक सहारा बनाकर स्वयं अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि पाकिस्तान की वर्तमान सोच न केवल भारत के प्रति एक खतरनाक दृष्टिकोण है, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप की शांति और मानवता के लिए एक गहरा संकट भी है।

यदि पाकिस्तान वास्तव में एक बहुलतावादी और आधुनिक राष्ट्र की श्रेणी में आना चाहता है, तो उसे कट्टरपंथ को प्रश्रय देने के बजाय अपने यहां अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा के लिए ईमानदार कदम उठाने होंगे। आज तो हालत यह है कि पाकिस्तान की छवि न केवल अल्पसंख्यकों, बल्कि इंसानियत के दुश्मन की बनी हुई है। इतिहास गवाह है कि जो राष्ट्र अपने भीतर की विविधता को दबाता है, जो अपने ही नागरिकों की अस्मिता का सम्मान नहीं करता, उसका भविष्य अंधकारमय होता है। पाकिस्तान यदि वास्तव में एक आधुनिक, विकसित और बहुलतावादी राष्ट्र बनना चाहता है, तो उसे तत्काल यह स्वीकार करना होगा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनके धार्मिक स्थलों का संरक्षण उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मंदिरों और गुरुद्वारों को बचाना केवल एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व है-एक ऐसा दायित्व, जिसकी उपेक्षा ने पाकिस्तान को दुनिया भर में अविश्वास और आलोचना का पात्र बना दिया है। आवश्यक है कि पाकिस्तान आत्मचिंतन करे, आईना देखे और समझे कि धार्मिक कट्टरता के सहारे राष्ट्र नहीं बनते, टूटते हैं। यदि वह अब भी नहीं सुधरा, तो इतिहास उसे कठोर शब्दों में याद करेगा, और यह कलंक उससे कभी मिटेगा नहीं।

## डॉ.राजीव डोगरा



### पराभौतिक
कविता

मृत्यु तुम करो न भक्षण मेरा
मैंना भी देखना है
काल बड़ा है या काली।

भाग्यविधाता लिखो ना भाग्य
मैंना भी देखना है
कर्म बड़ा है या कर्मदाता।

समय बदलो न अपना पहिया
मैंना भी देखना है
भविष्यवक्ता बड़ा है या भविष्यकर्ता।

प्रेतराज चलो न करोड़ों प्रेतो के साथ
मैंना भी देखना है
तंत्र बड़ा है या प्रेम मंत्र।

देवराज इंद्र करो तप जरा भंग
मैंने भी देखना है
योगाग्नि बड़ी है या कामाग्नि।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## आरटीआई में बड़ा खुलासा

# बिना पट्टे और निर्माण स्वीकृति के ही, सरकारी भूमि पर बना डाला

# गंगापुर सिटी का होटल पार्थ, जिम्मेदार कौन : राजा भईया



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मो न- 9811371054=9818951279,






राजस्थान जिले के सवाई माधोपुर स्थित तहसील गंगापुर सिटी में एक नामी होटल पार्थ रिसॉर्ट रेस्टोरेंट जयपुर बाई पास रोड पर स्थित है जिसमें ठहरने के लिए लग्जरी कमरे, रेस्टोरेंट, शादी पार्टियों के लिए हाल के साथ साथ बड़े बड़े पार्क और स्विमिंग पूल भी बना हुआ है सूत्रों के हवाले से यह लग्जरी आलीशान होटल एक सत्तासीन राजनीतिक कद्दावर नेता की पत्नी के नाम पर बताया जा रहा है, हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट तथा आरटीआई कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया ने आज आरटीआई से एक और बड़ा धमाका करते हुए चौंकाने वाला सनसनी खेज खुलासा किया है और पत्रकारों को सभी दस्तावेज और शिकायतों की प्रतियां देते हुए बताया कि उपरोक्त होटल पार्थ अवैध रूप से बना कर अवैध तरीके से नियम व कानून के विरुद्ध चलाया जा रहा है और इस पूरे गोरख धंधे में विशेष तौर से नगर परिषद गंगापुर सिटी के, थाना पुलिस के एवं अन्य संबंधित विभागों के भ्रष्ट अधिकारी भी होटल मालिक और संचालकों से मिले हुऐ हैं, राजा भईया ने आरटीआई से प्राप्त सूचना का हवाला देते हुए बताया कि उन्हें खुद उपरोक्त नगर परिषद आयुक्त ने सूचना देते हुऐ लिखित में सूचित किया है कि उक्त होटल का नगर परिषद से होटल मालिकों को कभी कोई पट्टा जारी नहीं किया गया है और जब पट्टा ही जारी नहीं हुआ तो निर्माण स्वीकृति भी जारी नहीं की गई है और ना ही फायर एनओसी जारी की गई है इसी प्रकार तहसीलदार गंगापुर सिटी द्वारा एक अन्य आरटीआई में सूचना दी गई है कि उपरोक्त होटल पार्थ नगर परिषद गंगापुर सिटी के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 1252/135 गैर मु. आबादी 0.10 हैक्टेयर में बना हुआ है और इसका कुछ हिस्सा खसरा नंबर 138, रकवा 0.57, गैर मु. चारागाह की सरकारी भूमी पर बना हुआ है, बिना पट्टा जारी कराए और बिना निर्माण स्वीकृति के इतना बड़ा होटल बन जाना और बिना फायर एनओसी तथा पुलिस एनओसी आदि के इस होटल में रेस्टोरेंट व स्विमिंग पूल चलाना तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके होटल बना लेना और प्रशाशन द्वारा आंखे मूंदे बैठे रहना अपने आप में अचंभित और हैरान करने वाली बात है, राजा भईया ने अब इस पूरे प्रकरण की शिकायतें जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप खण्ड अधिकारी, तहसीलदार गंगापुर सिटी व थाना सदर गंगापुर सिटी के प्रभारी से करते हुऐ होटल मालिक, संचालक तथा संबंधित भ्रष्ट अधिकारी यों के विरुद्ध ऋकफ दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने तथा उक्त होटल को तत्काल सील करने एवं ध्वस्त कर सरकारी भूमि को मुक्त कराने हेतु लिखित में रजिस्टर्ड डॉक एवं ई मेल द्वारा की है। उधर शिकायत मिलते ही गंगापुर सिटी नगर परिषद और क्षेत्रीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है क्योंकि मामला एक दवांग सत्तासीन नेता से जुड़ा हुआ है और पूरी तरह अवैधता और भ्रष्टाचार की नींव पर टिका है राजा भईया इससे पहले भी गंगापुर सिटी में कई बड़े घोटाले खोल चुके हैं अब देखना होगा कि उनकी यह मुहिम क्या रंग लाती है, लेकिन एक बात तो साफ है कि उपरोक्त प्रकरण ने भ्रष्टाचार की पूरी पोल खोल कर रख दी है जहां एक ओर आम आदमी बिना निर्माण स्वीकृति के अपने घर के आगे दो सीढ़ियां भी नहीं बना सकता वहीं भ्रष्ट अधिकारियों की मिली भगत के चलते बिना निर्माण स्वीकृति और पट्टा जारी किए इतना बड़ा लग्जरी होटल बन भी गया और अवैध रूप से चल भी रहा है वो भी सरकारी भूमि पर।

# आर. एम. के. भारत न्यूज बॉलीवुड फिल्म धुरंधर में चमके धामपुर के विवेक

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर :** जनपद बिजनौर के धामपुर निवासी प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रोमियो मयूर ने अपने परम मित्र विवेक सिन्हा को मोबाइल पर दी उपलब्धियों की शुभकामनाएं और मुबारकबाद। आतंकी जहूर मिस्त्री के किरदार में जमाई अभिनय की धमक, पड़ोस में रहते हैं हम, गूदे भर का जोर लगा लो...और बिगाड़ लो जो बिगाड़ सकते हो। बॉलीवुड फिल्म धुरंधर जो शुरू ही हुई होती है, तभी कुछ समय बाद एक युवक ये डायलॉग बोलता दिखता है। फिल्म में अभिनय करने वाला ये बंदा यूं तो आतंकी जहूर मिस्त्री का रोल प्ले कर रहा है। लेकिन वास्तव में वह धामपुर शहर के रहने वाले विवेक सिन्हा हैं। विवेक सिन्हा अपनी शानदार डायलॉग डिलीवरी और धांसू आवाज के दम पर उन्होंने मात्र दस मिनट के किरदार में अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। वैसे भी





बड़े पर्दे, बड़े बजट और शीर्ष अभिनेताओं के साथ दस मिनट का रोल कम नहीं आंका जा सकता है। विवेक सिन्हा ने मुंबई से फोन पर बताया कि करीब आठ माह पूर्व उनके ऑडिशन की बात हुई। इसके बाद फिल्म डायरेक्टर आदित्यधर ने जहूर मिस्त्री के रोल पर उनको स्वीकृति दे दी। विवेक को फिल्म में देखने के बाद उनके जानकार और रिश्तेदार कॉल कर बधाई दे रहे हैं। घटाया दस किलो वजन, 12 साल बाद कटवाए दाढ़ी-बाल विवेक सिन्हा ने इस फिल्म में किरदार में ढलने के लिए अपना दस किलो वजन घटाया। इसके अलावा लगभग 12 साल से रखी अपनी दाढ़ी और सिर के बालों को भी कटवाया। वजन घटाने को उन्होंने जिम और स्वीमिंग का सहारा लिया।

**कौन है जहूर मिस्त्री जिसका रोल निभाया:** दरअसल 1999 में कंधार प्लेन हाईजैक में जहूर मिस्त्री उर्फ जाहिद अकुंद नाम का आतंकी शामिल था। वर्ष 2022 में जहूर को पाकिस्तान के करांची में अज्ञात हमलावरों ने मार डाला था। विवेक कहते हैं कि फिल्म में उनकी हत्या रणवीर कपूर करते हैं।

**कौन हैं विवेक, एक निगाह:** विवेक सिन्हा एक युवा अभिनेता हैं जो धामपुर के मोहल्ला खातियांन में रहते हैं। उनके पिता का नाम स्वर्गीय कृष्णवीर सिन्हा है। विवेक ने स्कूलिंग शहर के शिखर शिशु सदन विद्यालय से की है। उन्होंने अभिनय में हिमाचल से कोर्स किया। बॉलीवुड फिल्म पीके, पीरियड चार्ट, द पिकअप आर्टिस्ट, मोदी जी की बेटी, तांडव सहित कई फिल्मों में अभिनय किया है। कई टीवी सीरियल और ऐड फिल्म्स की हैं। धामपुर निवासी जनपद बिजनौर के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रोमियो मयूर ने अपने परम मित्र विवेक सिन्हा को मोबाइल पर दी उपलब्धियों की शुभकामनाएं और मुबारकबाद।

# कृषि विभाग द्वारा किसान गोष्ठी किसान पाठशाला आयोजित हुआ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद कृषि विभाग नजीबाबाद द्वारा आज मुस्सेपुर ग्राम पंचायत के पंचायत घर पर किसान पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें सहायक विकास अधिकारी कृषि जौनी कुमार, सतनाम सिंह नागर, विकास कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का कृषि विभाग द्वारा अनेक जन उपयोग योजनाएं चलाकर किसानों को लाभ दिलाने का काम किया जा रहा है आज गोष्ठी के प्रथम दिवस रबी, दलहन, तिलहन प्रजातियों के उत्पादन, रवि फसलों में खरपतवार नियंत्रण एवं कृषि रक्षा कृषि में ड्रोन का प्रयोग एवं फॉर्मर रजिस्ट्री का महत्व एवं उपयोगिता विषय पर अपने अपने विचार रखे उन्होंने कहा कि इस समय सरकार किसानों को कृषि निवेश यन्त्रों के अनुदान के बारे में बताया गया इस अवसर पर सहायक कृषि विकास अधिकारी जौनी कुमार



ने प्राकृतिक खेती, गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर विस्तार से प्रकाश डाला किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे किसान समृद्ध हो देश की खुशहाली का रास्ता गांव से खेत खलियानों से होकर गुजरता है हमारी सरकार देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह एवं अंत्योदय के प्रणेता स्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के संकल्प पर आधारित सरकार है उन्होंने सभी किसान भाइयों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने हेतु अपनी फसल का बीमा करने का आह्वान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान रणवीर सिंह एवं संचालन विजेंद्र सिंह ने किया इस अवसर पर छत्रपाल सिंह, रफीक अहमद, सुखबीर सिंह, छोटे मंसूरी, शकुंतला देवी, शोभा भाटी, बाले हसन, नरेश कुमार, सत्यपाल सिंह, विनोद कुमार, निगम सिंह आदि मौजूद रहे।

# विभाग की कसोटी पर खरा उतर रही बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** हर धर्म में कहा गया है कि अनाथ के सर पर हाथ रखना बड़ा पुण्य होता है, और गुम हुए सदस्यों को उसके परिवार से मिलवाना मानो सबसे बड़ा पुण्य है। बिजनौर में तैनात बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता अपने सराहनीय कार्य को लेकर इन दिनों खूब चचाओं में हैं। पांच साल से बिछड़ी एक महिला को तमाम जंद्दो जहद के बाद आखिरकार बिछड़ी महिला को उसके परिवार से मिलवाकर रुबी गुप्ता ने एक बार फिर सरकार और अपने विभाग का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है। रुबी गुप्ता के इस अनोखे और सराहनीय कार्य की प्रशंसा बिजनौर से लेकर बिहार तक जा पहुंची है। बिछड़ी महिला बिहार निवासी निकली है हुआ यूं कि गत 15 नवम्बर 2020 में सूचना मिली थी कि एक महिला बिजनौर के मंडावर रोड पर लावारिश पड़ी हुई है। बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता ने जरा भी देर नहीं की और स्थानीय पुलिस के सहयोग से महिला को अपनी सुपूर्दगी में लेते हुए जानकारी की गई तो पता चला के महिला अपना नाम भी बता नहीं पा रही थी।और महिला करुणधाम संस्था में रह रही थी। महिला के परिवार को तलाशने का बिडा उठाने वाली रुबी गुप्ता ने हर वह प्रयास किए जो विभाग के अंतर्गत आते हैं लेकिन मासूसी ही हाथ लगी। लेकिन रुबी गुप्ता ने उम्मीद का दामन नही छोड़ा और अपने प्रयास में लगी रही। बताया जाता है कि रुबी गुप्ता को पांच साल बाद सफलता हासिल हुई, और महिला शेरपुर कालोनी जिला बेतिया बिहार की निकली। आज शुक्रवार 12 दिसम्बर को बिछडी महिला को उसके परिवार को सौप दिया गया है। महिला की बेटी धर्मशिला, दामाद छोटेलाल यादवऔर नाती करण कुमार को बिजनौर बुलाकर महिला को उन्हें सौंपा। परिजनों ने बताया कि महिला दवाई लेने घर से निकली थी और गलती से ट्रेन में बैठकर यहां तक आ गई, परिवार के लोग अपनी माता को देखते ही रो पड़े। परिजनों ने रुबी गुप्ता के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने प्रदेश बिहार में जाकर यूपी सरकार के अधिकारियों के साथ साथ बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता के इस सराहनीय कार्य को बताएंगे जिससे वहा के अधिकारी व कर्मचारी बिजनौर जिले के अधिकारियों से प्रेरणा ले सके। रुबी गुप्ता ने कहा कि आगे भी ऐसा प्रयास जारी रहेगा। संस्था की महिलाओं के परिवार की खोजबीन कर परिवार से मिलवाने का प्रयास जारी रहेगा। बताया गया है कि, इससे पूर्व में भी बिछडी कई महिलाओं को उनके परिवार से मिलवाने में रुबी गुप्ता की अहम भूमिका रही है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। हम भी रुबी गुप्ता के इस प्रयास को प्रणाम करते हैं।

# जीटीबी स्कूल में स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय में सभी पाँच हाउसेज सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। सभी हाउस के साथ विद्यालय के प्ले सेकशन (नन्हा बचपन) के बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि एवं पूर्व छात्रों का स्वागत गुलदस्ते देकर स्कूल बैंड एवं सभी सदनों के परेड से किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉ एम. पी. सिंह चेयरमैन, नगर पालिका नूरपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। महावीर सिंह पूर्व रायमन्त्री,



नरेश कर्णवाल, डॉ जसवेंदर कौर डायरेक्टर तेज मेमोरियल हॉस्पिटल, रिंपल कौर डायरेक्टर जीटीबी पब्लिक स्कूल सम्मानित अतिथि रहे। इसके अतिरिक्त विद्यालय ने अपने द्वितीय बैच वर्ष (2015-16)के छात्रों को अतिथि के रूप में ₹पूर्व छात्र सम्मेलन समारोह₹ में आमंत्रित किया। वर्ष भर की प्रतियोगिताओं के लिए सभी विजेता हाउस और विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गए। अकादमिक उत्कृष्टता में तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय गांधी हाउस तृतीय स्थान पर रहे। पाठयक्रम सहगामी प्रतियोगिताओं में तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय स्थान पर रहे। क्वीन्स ऑफ टाइम में सुभाष हाउस प्रथम, तेज हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम, भगत सिंह हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस और तेज हाउस तृतीय रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, भगत सिंह हाउस तृतीय रहे। मास्टर शेफ में तेज हाउस प्रथम, सुभाष द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में हाउस प्रथम स्थान पर रहे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकताओं ने की थाना प्रभारी से शिष्टाचार भेंट



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर बढ़ापुर बढ़ापुर थाना प्रभारी सर्वेन्द्र कुमार शर्मा से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्य कताओं ने बजरंगबली हनुमान जी की तस्वीर देकर की शिष्टाचार भेट ह्ल विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बढ़ापुर प्रखंड अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार गिलहोत्रा व उपाध्यक्ष सोनू उपाध्याय तथा महामंत्री मनदीप कुमार जोशी व श्री शिव चुन्नी वाला मंदिर बढ़ापुर के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार कर्ण वाल सभी ने बढ़ापुर थाना प्रांगण में पहुंचकर थाना प्रभारी सर्वेन्द्र कुमार शर्मा को पंचमुखी बजरंगबली हनुमान जी की तस्वीर प्रदान कर शिष्टाचार भेंट की थाना प्रभारी ने बताया कि कोई भी पीड़ित अपनी समस्या को लेकर उनसे सीधा संपर्क कर सकता है इस दौरान थाना प्रभारी ने साइबर क्राइम बचाव व जागरूकता पर भी चर्चा की।

# कुबेर इंटर कॉलेज में विधायक खेल स्पर्धा का फीता काटकर किया गया शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**डिबाई/बुलंदशहर**/शुक्रवार को विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ विधानसभा क्षेत्र डिबाई के कुबेर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में हुआ जिसका उद्घाटन विधायक विधानसभा क्षेत्र डिबाई चंद्रपाल सिंह लोधी के द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण विभाग द्वारा कराया गया। पहले दिन के खेलों में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स आदि विधाओं का आयोजन किया गया। विधायक द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नेत्रपाल सिंह और धर्मेंद्र काली, ब्लॉक प्रमुख दानपुर आनंद लोधी, ब्लॉक प्रमुख पति डिबाई अनार सिंह, मंडल अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय मुकेश चौधरी, पिंटू लोधी, जिला आईटी सह-संयोजक नील भारद्वाज, चेतन राज, पवन सिंह, अनिल मास्टर, राजू यादव, अंकुर लोधी, दुर्वेश लोधी, अमित कुमार, कनिक उपाध्याय, उमेश शर्मा, संजीव चौधरी आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफल आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक त्यागी, कुलदीप पूनिया, भूपेंद्र सिंह अत्री, अंकित भाटी ने बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के खेल शिक्षकों के सहयोग से किया गया।

# देवाश्रय एनिमल हॉस्पिटल में जीव सेवा कार्यों का निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर ।** श्री श्याम सखा युवा मंडल बुलंदशहर के संरक्षक नलिन गांगुली के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने फरीदाबाद स्थित सर्वोदय हेल्थ केयर द्वारा संचालित देवाश्रय एनिमल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। यहाँ घायल एवं बेसहारा पशु-पक्षियों के उपचार, देखरेख और सेवा में दिखाई दे रहा समर्पण सराहनीय पाया गया। हॉस्पिटल में गाय के शुद्ध गोबर से वॉल पेंट, पूजा सामग्री एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जो आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। दूध न देने वाली गायों की सेवा कर उनके गोबर से उपयोगी उत्पाद तैयार करना प्रेरणादायक पहल बताया गया। हॉस्पिटल की डायरेक्टर रजनी गुप्ता एवं अंशु गुप्ता ने कहा कि देवाश्रय का उद्देश्य हर जीव को सम्मान और संरक्षण देना है। नलिन गांगुली ने संस्थान की संवेदनशील सेवा को समाज के लिए आदर्श बताया, जबकि संगठन मंत्री अभिनव वर्मा ने कहा कि यहाँ की सेवा मानवता और नवाचार का जीवंत रूप है। अंत में सभी ने जीव सेवा की इस धारा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# चैंपियनशिप में एमपी इंटर कॉलेज की वॉलीबॉल टीम अव्वल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर स्योहारा एमपी इंटर कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आयोजित विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैंपियनशिप युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद बिजनौर द्वारा आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में अव्वल आने के बाद जब टीम कॉलेज पहुंची तो खिलाड़ियों और कोच का जोरदार स्वागत किया गया। शुक्रवार को कॉलेज परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंधक मौलाना वकील अहमद और प्रधानाचार्य मंसूर सिद्दीकी ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान टीम के कोच इकबाल राहत को भी विशेष रूप से सम्मानित व बधाई दी गई



प्रबंधक मौलाना वकील अहमद और प्रधानाचार्य मंसूर सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से कहा कि टीम ने न केवल जिले में, बल्कि प्रदेश स्तर पर भी जीत हासिल कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है। अच्छे निर्देशन में किया गया कोई भी कार्य सफलता की ओर ले जाता है और बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा भरता है प्रधानाचार्य मंसूर सिद्दीकी ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन की पहली सीढ़ी है। यह शरीर को मजबूत और मन को शांत बनाता है। अनुशासन के साथ किया गया कोई भी कार्य सफलता की संभावना को बढ़ा देता है सम्मान समारोह में इकबाल राहत, भूपेंद्र चौधरी, करीम नजीर सहित कॉलेज के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# कार्यशाला में दिया कक्षा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में कक्षा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चली इस कार्यशाला में गुड लक पब्लिकेशन द्वारा नियुक्त मोनिका चोपड़ा ने बतौर प्रशिक्षक हिस्सा लिया। कार्यशाला में सर्वप्रथम स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, प्रशिक्षक मौनिका चौपड़ा व जय भारत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान 56 शिक्षकों को आठ समूहों में विभाजित किया गया। प्रशिक्षक मोनिका चौपड़ा ने कक्षा प्रबंधन के महत्व और सकारात्मक कक्षा वातावरण के निर्माण पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रभावी कक्षा अनुशासन तकनीकों और चुनौतीपूर्ण व्यवहारों के



प्रबंधन के तरीके बताएं। सामान्य रूप से कक्षा कक्ष में आने वाली समस्याओं को हल करने के गुर सिखाए गए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम नियम व प्रक्रिया में निहित अंतर को समझते हुए अपने प्रशिक्षण कार्य को निखार सकते हैं। नई-नई तकनीक के उपयोग से जहां शिक्षण कार्य सरल व प्रभावी बनाया जा सकता है। वही विद्यार्थी भी लर्निंग में रुचि लेते हुए जल्द सीखते हैं। शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन के अंतर्गत व्यवहार प्रबंधन, समय प्रबंधन व शिक्षक विषय वस्तु सामग्री प्रबंधन आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षक ने विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से प्रत्येक विषय को सरल और प्रभावशाली तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि इससे शिक्षण का स्तर भी ऊंचा होता है। शिक्षकों से उनके अनुभवों के बारे में जाना गया। मुख्य रूप से कार्यशाला में कक्षा प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रत्येक शिक्षक को कक्षा प्रबंधन अवश्य सीखना चाहिए। जिससे उन्हें हर स्तर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने में मदद मिल सके। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनती है। यह उनके शैक्षिक कौशल को निखारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो कक्षा को अनुशासित और प्रेरणादायक बना सके।

# शादीशुदा प्रेमिका के लिए प्रेमी चढ़ा हाईटेंशन टावर पर, तीन घंटे बाद नीचे उतरा

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** प्रेम परवान चढ़े तो क्या न हो जाए, कुछ ऐसा ही मामला मजिार्मुराद क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर सामने आया जब सरिफरि प्रेमी ने हाईटेंशन बजिली के टावर पर चढ़कर अपनी शादीशुदा प्रेमकिा को बुलाने की मांग कर दी। अन्यथा की स्थति में जान देने की बात कही तो हड़कंप मच गया।

पूरा मामला खरगरामपुर गांव का है जहां पर घटनाक्रम के अनुसार अशोक चौहान ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका को बुलाने की मांग को लेकर हाईटेंशन खंभे पर चढ़ने का निर्णय लिया। इस घटना ने गांव में हलचल मचा दी और देखते ही देखते ग्रामीणों की एक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई।

अशोक चौहान ने अपनी प्रेमिका को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए खंभे पर चढ़कर अपनी भावनाओं का इजहार किया और कहा कि प्रेमकिा के नहीं आने पर वह जान दे देगा। इस दौरान, स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने अशोक को समझाने की कोशिश की, ताकि वह सुरक्षित रूप से नीचे उतर सके।संयोग अच्छा रहा कि विद्युत तार में करेंट का प्रवाह नहीं था। सूचना पाकर एसीपी (राजातालाब) अजय श्रीवास्तव, कार्यवाहक थानाप्रभारी अजय तिवारी समेत फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची।तीन घंटे की काफी मशक्कत के बाद किसी तरह युवक टावर से नीचे उतरा।युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया हैं।

मिजार्मुराद के खरगरामपुर गांव निवासी गुलाब चौहान के दो पुत्रों में छोटा पुत्र अशोक चौहान छत्तीसगढ़ में स्थित सीमेंट प्लांट में मजदूरी का काम करता हैं। अविवाहित युवक का पड़ोस में ही रहने वाली शादीशुदा महिला संग पिछले सात वर्षों से प्रेम-प्रसंग का चक्कर चल रहा हैं। महिला संग पकड़े जाने पर अशोक की दो-तीन बार पिटाई भी हो चुकी हैं।

छत्तीसगढ़ से गुरुवार को युवक गांव आया। महिला से मिलने पहुंचा और उसे अपने साथ चलने को बोला। महिला के इंकार करने पर उसको मारने-पीटने के बाद घर से पांच सौ मीटर दूर आकर लालपुर विद्युत उपकेंद्र के निकट खेत मे बने करीब 80 फीट ऊंचे बने हाईटेंशन विद्युत तार के टावर (खंभा) पर चढ़ गया। पुलिस द्वारा समझाने-बुझाने पर पौने दो बजे एक बार एक बार नीचे उतर आधे टावर तक आया और प्रेमिका को मौके पर बुलाने की मांग किया।

### मोरे लाल-बचवा नीचे उतर जा

मां धनसीरा देवी रोते–बलिखते विद्युत टावर के पास पहुंची और 'मोरे लाल–बचवा नीचे आ जा' कहकर बेटे की मनौव्वल करती रही। मां की पुकार सुनकर भी उसका दिल पसीजा नहीं। पिता गुलाब व बड़ा भाई लक्ष्मण भी बार–बार उसे नीचे उतरने की आवाज लगाते रहे। पुलिस पसोपेश में रही कि सामाजिक मयार्दा को देखते हुए आखिर महिला को कैसे बुलाया जाएं।

### जहर खाकर खुदकुशी का किया था प्रयास

सिरफिरा आशिक करीब एक माह पूर्व जहर खाकर खुदकुशी का भी प्रयास कर चुका था। इस हरकत को देख परिजन इसे काम करने हेतु बाहर ले गए थे।परिजनों को उम्मीद थी कि बाहर जाने पर प्रेम रोग दूर हो जाएगा।

# ऐश्वर्य की देवी स्वर्ण महालक्ष्मी का किया गया दिव्य श्रृंगार

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी का शुक्रवार को अन्नकूट महोत्सव की भव्य एवम दिव्य झाँकी सजी रही। महालक्ष्मी की स्वर्ण प्रतिमा का प्रातः काल चार बजे गंगा जल व पंचामृत से स्नान कराने के पश्चात कुमकुम अर्चन किया गया। इसके साथ ही नवीन परिधान धारण करा कर स्वर्ण प्रतिमा विराजमान की गई। मंगला आरती मंदिर के उप महंत अविनाश पांडेय (सद्दू महाराज) के द्वारा किया गया। मंगला आरती के पश्चात मंदिर का कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। इसके साथ ही मंदिर में माँ के जयकारे के साथ दर्शन पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को विभिन्न प्रकार के फूलों व मालाओं से सजाया गया। मंदिर में महालक्ष्मी को छप्पन प्रकार के भोग नमकीन, तरह तरह की मिठाइयाँ अर्पित की गई। अपराह्न एक बजे माँ महालक्ष्मी को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। उसके पश्चात इसे श्रद्धालुओं में वितरित किया गया रात्रि में मंदिर के महंत पंडित शिवप्रसाद पांडेय (लिंगायत महाराज) द्वारा विशेष आरती किया गया। सायंकाल गीतकार कन्हैया डूबे (केडी) के संयोजन में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें अमलेश शुक्ला, विजय बागी, स्नेहा अवस्थी, बाल कलाकार यथार्थ दुबे आदि ने भजनों व गीतों की प्रस्तुति कर हर किसी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## सार संक्षेप

### बाइक व मोपेड में टक्कर दो घायल, अस्पताल में भर्ती

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के डंगहरिया गांव (मिजार्मुराद) के सामने हाइवे पर शुक्रवार की दोपहर में वाराणसी से प्रयागराज के तरफ जा रहे बाइक व मोपेट में अनियंत्रित होने के कारण आपस में टकरा गया।जिससे मोपेट सवार मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के रामापुर निवासी अशोक पटेल व बाइक सवार भानपुर (मिजार्पुर) निवासी संतोष कुमार पांडा घायल हो गया। ग्रामीणों व राहगीरों द्वारा घटना के बाबत मिजार्मुराद को सूचना देने के साथ ही एम्बुलेंस की मदद से खजुरी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वही क्षतिग्रस्त बाइक व मोपेट को पुलिस कब्जे में लेकर रोड से हटवाकर एक जगह खड़ा करवा दी।मिजार्मुराद कार्यवाहक थानाध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

### एमपी पुलिस का छापा, नही मिली युवती, धोखाधड़ी व जहर देने के मामले में पहुंची थी पुलिस

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** एसपी पुलिस ने शुक्रवार की भोर में मिजार्मुराद पुलिस के सहयोग से मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव में एक बस्ती में दबिश देकर एक युवती को उठाने पहुंची तो जानकारी हुआ कि युवती के इस नाम पता का गांव में कोई नही है मजबूरी में पुलिस को वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार एसपी प्रान्त के मंदसौर जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवती बीते दिनों धूमधाम से अपना शादी एक परिवार में की और नाम पता वाराणसी जिले के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के जोगापुर का बताई।शादी के कुछ दिन बाद ही युवती द्वारा अपने ससुरालियों को खाने में जहर देकर सारा पैसा व जेवरात लेकर भाग निकली उसी मामले में एसपी के भावगढ़ थाने में युवती के खिलाफ धोखाधड़ी व जहन देने का मुकदमा दर्ज था।युवती द्वारा ससुरालियों को दिये गए पता पता भोर में भावगढ़ थाने के एसआई सुरेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में फोर्स मिजार्मुराद थाने पहुंची और मिजार्मुराद थाने के कार्यवाहक थानाध्यक्ष अजय तिवारी के साथ फोर्स के साथ जोगापुर स्थित एक बस्ती में पहुंची छापा मारी तो जानकारी हुआ कि इस नाम पते का उक्त बस्ती या गांव में कोई युवती नही है जिसपर एसपी पुलिस वापस लौट गई।अचानक गांव में इतनी फोर्स पहुंचे से ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएं होती रही। कार्यवाहक थानाध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि एमपी पुलिस आई थी लेकिन उक्त नाम पते का गांव में कोई युवती नही थी जिसपर पुलिस टीम वापस चली गई।

### शरारती तत्वों ने तोड़ी हनुमान जी की मूर्ति, ग्रामीणों में आक्रोश

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के बिहड़ा गांव (मिजार्मुराद) में शुक्रवार को एक आश्रम में स्थापित श्री हनुमान जी की मूर्ति व उनका गदा शरारती तत्वों ने तोड़कर खंडित कर दिया गया।सुबह दस बजे के बाद जब ग्रामीण दर्शन पूजन करने पहुंचे तो मूर्ति खंडित देखकर आक्रोशित हो उठे।बिहड़ा गांव के ही रामसरन पटेल ने शाम को मिजार्मुराद थाने पहुंच कर गांव के ही एक नामजद युवक के खिलाफ तहरीर देकर मूर्ति खंडित करने व उठाकर ले जाने फिर वही रख देने के बाबत तहरीर दिया।मिजार्मुराद पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी।वही ग्रामीणों में चर्चा रही कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था विवादित जमीन पर मूर्ति रखने को लेकर मूर्ति हटाने पर खंडित होकर टूट गया था।कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल ने बताया कि मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

### ईएसआई हॉस्पिटल कानपुर की डायरेक्टर सौम्या पांडे के खिलाफ नाम-बेलेबल वारंट जारी

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्यायमूर्ति श्री पीयूष अग्रवाल की एकलपीठ ने राम बेटी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (रिट संख्या 15980/2025) मामले में पारिवारिक पेंशन न देने पर कड़ा रुख अपनाया है। दिनांक 8 दिसंबर 2025 को पारित आदेश में न्यायालय ने ईएसआई हॉस्पिटल कानपुर की डायरेक्टर सौम्या पांडे के विरुद्ध नाम-बेलेबल वारंट जारी करते हुए तत्काल आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मामले के अधिवक्ता श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि याची राम बेटी के पति का निधन वर्ष 2023 में हो चुका है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अब तक उन्हें पारिवारिक पेंशन नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न्याय हित में पूरी तरह अनुचित है और पीड़िता को उसके वैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। न्यायालय ने प्रकरण की अगली सुनवाई 15 दिसंबर 2025 को निर्धारित की है।

# 14 दिसंबर की महारैली को लेकर हापुड़ कांग्रेस में हलचल तेज




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 को कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने की।बैठक में 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में होने वाली ₹वोट चोर गद्दी छोड़₹ महारैली को लेकर खास रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने जनपद हापुड़ से अधिक से अधिक कार्यकताओं को इस महारैली में शामिल होने का आह्वान किया। राकेश त्यागी ने बताया कि 14 दिसंबर को जननायक राहुल गांधी जी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस ऐतिहासिक महारैली में देशभर से कांग्रेसजन भारी संख्या में पहुँचेंगे।उन्होंने कहा कि हापुड़ जनपद से भी सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक इस रैली का हिस्सा बनेंगे।

उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि 14 दिसंबर, दिन रविवार, सुबह ठीक 7 बजे सभी लोग दिल्ली रोड स्थित भैरों मंदिर के पास जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एकत्रित हो जाएं, जहाँ से सामूहिक रूप से दिल्ली के लिए रवानगी होगी। बैठक में पूर्व विधायक गजराज सिंह, डॉ. फराहीम, रवींद्र गुर्जर, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, जकरिया मनसबी, राजेंद्र सिंह गुर्जर, जितेंद्र नागर, बिजेंद्र त्यागी, ओमवीर नागर, हरीश गर्ग, बॉबी त्यागी, अनुज कुमार एडवोकेट, अनूप कर्दम सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण एच ब्लॉक में

# इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट 2025 का भव्य आयोजन : सुरेश खन्ना

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) एच ब्लॉक में इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट 2025 का आयोजन मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया।वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य पर तेजी से कार्य कर रहे हैं। इसी दिशा में हापुड़ की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देने हेतु इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट 2025 का आयोजन किया गया है, जिससे जिले में रोजगार बढ़े और हापुड़ को विकसित एवं विकासशील शहर के रूप में स्थापित किया जा सके।समिट में उपस्थित बिल्डर, उद्यमी, आर्किटेक्ट एवं उद्योगपतियों से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं पर सुझाव मांगे गए। कुल 300 से अधिक उद्यमियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

वित्त मंत्री ने बताया कि एचपीडीए द्वारा जिले में कई नई विकास परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी हरिपुर आवासीय योजना पर तेजी से काम जारी है। गढ़मुक्तेश्वर स्थित गंगाधाम योजना भी महत्वपूर्ण चरण में है।इसके अतिरिक्त कई आवासीय व कमर्शियल योजनाओं पर भी विमर्श किया गया।

उन्होंने कहा कि जिले के तीव्र विकास हेतु रणनीति बनाकर कार्य करना समय की मांग है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक सदर विजयपाल आढ़ती, विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माद्रे, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, एचपीडीए के वीसी, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित रहे।

# नर्मदा परिक्रमा में पूज्य दादा गुरूजी सरकार के दर्शन मिलन की एक दिव्य अनुभूति : डॉ सचिन्द्रनाथ जी महाराज

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** पश्चिम दक्षिण धर्म यात्रा के पड़ाव पर गुजरात में वडोदरा से 50 किलोमीटर दूर माता अनुसूईया मंदिर पथ पर नर्मदा परिक्रमा के पावन मार्ग में पूज्य मिलन दादा गुरूजी सरकार के दिव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनका सहज, सरल, करुणामय और तपपूर्ण व्यक्तित्व सचमुच मन को स्पर्श करने वाला है। वाणी इतनी मधुर, भाव इतने निर्मल और संकल्प इतना महान कि हर मिलने वाला तुरंत उनसे जुड़ाव अनुभव करता है।

नर्मदा मिशन पर उनका तप, त्याग और पर्यावरण-संरक्षण का संकल्प आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ है। उनके दर्शन मात्र से ही यह अनुभूति हुई कि प्रकृति, संस्कृति और मानवता के प्रति उनका समर्पण कितना गहन और आत्मीय है।



पूज्य महाराज श्री श्री 1008 डॉ. सचिन्द्रनाथ जी महाराज के इस पावन मिलन को नर्मदा माता का आशीर्वाद मानते हैं और दादा गुरूजी सरकार के मिशन की अनंत सफलता के लिए शुभाशीष प्रेषित करते हैं।

# किसान पाठशाला में आधुनिक खेती की तकनीक सीख रहे किसान




**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** तिलहनी व दलहनी फसलों की अच्छी पैदावार के लिए मुख्य पोषक तत्वों के साथ ही सल्फर का प्रयोग करना चाहिए। खासतौर पर सरसो की फसल में यूरिया की टापड्रेसिंग के समय सल्फर का प्रयोग करने से अच्छी पैदावार होने के साथ ही तेल की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।

किसानों को उक्त जानकारी शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से ढांका गांव में आयोजित मिलियन फार्मर्स स्कूल/किसान पाठशाला में मास्टर ट्रेनर देवमणि त्रिपाठी ने दी।

उप कृषि निदेशक अमित कुमार जायसवाल के निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय किसान पाठशाला के पहले दिन दलहनी तिलहनी फसलों की खेती के प्रमुख प्रभावी बिन्दुओं के साथ ही प्राकृतिक खेती, हरी खाद का महत्व, रबी फसलों में खरपतवार नियंत्रण, कृषि में ड्रोन का प्रयोग, फार्मर रजिस्ट्री का महत्व व उपयोगिता जैसे विषयों पर बिस्तार से चर्चा की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान सुमन देवी ने किसानों से कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती करने की सलाह दी।

इस दौरान लक्ष्मीनारायण दुबे, विनोद निषाद, अमरनाथ पाण्डेय, सत्यनारायण दुबे, प्रभु नाथ, गणेश तिवारी सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### मारपीट करने के 02 आरोपियों को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को 02-02 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सुनाई सजा

**बुलंदशहर।** अभियुक्तगण लाला उर्फ पप्पू पुत्र स्व0 घमंडी निवासी ग्राम उटरावली थाना अहमदगढ़ जनपद बुलंदशहर रेखा शर्मा पत्नी स्व0 चन्द्रप्रकाश निवासी मौ0 कानून गोयान कस्बा व थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2021 में वादी चन्द्रवीर पुत्र रमेश निवासी कस्बा व थाना शिकारपुर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 25.03.2021 को थाना शिकारपुर पर मुअसं- 104/2021 धारा- 323/506 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 09.04.2021 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# शाहजहांपुर में जर्जर विद्युत पोल गिरा

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ (जाकिर तुर्क)।** कस्बा शाहजहांपुर के मोहल्ला मिसरी खेल स्थित मुख्य मार्ग पर गुरुवार की देर रात एक पुराना एवं अत्यधिक जर्जर विद्युत पोल अचानक जमीन पर गिर पड़ा। सौभाग्य से, घटना रात्रि में घटी, अन्यथा दिन के समय यह दुर्घटना किसी बड़े संकट का रूप ले सकती थी।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पोल लंबे समय से बेहद खराब हालत में खड़ा था।

क्षेत्रवासियों ने इसकी मरम्मत व परिवर्तन को लेकर कई बार बिजली विभाग को अवगत कराया था, परन्तु विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शुक्रवार की सुबह पोल गिरने के कारण मुख्य मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। आश्चर्य की बात यह रही कि पूरे दिन विभागीय कर्मचारी मौके पर नहीं पहुँचे और न ही



किसी प्रकार की त्वरित कार्यवाही की गई।यह मार्ग कस्बे के अनेक मोहल्लों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण रास्ता है, जहाँ दैनिक रूप से बड़ी संख्या में राहगीरों व वाहनों का आवागमन होता है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार, पोल का आधार महीनों से कमजोर था और किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। देर रात इसके गिरने से एक बड़े हादसे से बालझबाल बचाव हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे के विभिन्न हिस्सों में कई अन्य पोल भी इसी प्रकार जर्जर अवस्था में खड़े हैं, जो कभी भी जानझमाल की हानि का कारण बन सकते हैं। उन्होंने मांग की है कि विभाग तत्काल ऐसे सभी जोखिमपूर्ण पोलों का सर्वेक्षण कर उन्हें बदलने की प्रक्रिया शुरू करे, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# किसान पाठशाला का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** ग्राम अहमदपुर में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (दलहन घटक) योजना के अंतर्गत रवि फसलों पर केंद्रित ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक योगेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष एवं प्रगतिशील किसान ज्ञानेन्द्र त्यागी, प्रगतिशील किसान लेखपाल सिंह तोमर, पशुपालन विभाग से गुलवीर सिंह, कृषि रक्षा केन्द्र के मनोज कुमार, तथा कृषि विभाग के (एस०टी०ए०) पिंटू कुमार, सुशील कुमार और प्रवेश त्यागी मौजूद रहे।विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों की बुआई, फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान, तथा उनके प्रभावी नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।किसान पाठशाला में रामगोपाल सिंह, जगवीरी देवी, सुभाष चंद शर्मा, रमेश कश्यप, विनोद कुमार, केशूराम, बिजेंद्र और जसवंत सिंह सहित अनेक किसानों ने प्रतिभाग किया

# डीएम ने जनपद में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड (राजस्व), कर करेत्तर, राजस्व प्रशासन, राजस्व कार्यों, चकबंदी कार्यों, राजस्व वादों, आईजीआरएस संदर्भ तथा खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने जनपद में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य देय, विविध देयों, कर करेत्तर तथा राजस्व कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार वर्मा ने बैठक में वर्ष 2025-26 के वार्षिक लक्ष्यों की विभागवार राजस्व वसूली प्रगति से अवगत कराया।

उन्होंने वाणिज्यकर, स्टाम्प, आबकारी, विद्युत, परिवहन, नगर विकास, कृषि विपणन, वन तथा खनन विभागों की वसूली स्थिति के साथ अन्य संबंधित बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बकायेदारों से वसूली हेतु विशेष अभियान चलाकर निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, मांट रितु सिरोही, गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी, महावन कंचन, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन नीतू सिंह, आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मेरठ दिल्ली रोड पर हादसे सड़क हादसे में युवक और महिला की मौत, एक गंभीर

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी





**मेरठ/परतापुर।** बीती देर रात दिल्ली रोड स्थित टू वैल्यू गाडियों के शोरुम के सामने तेज रफतार कैंटर ने स्पलेंडर बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार एक युवक व दो महिलांए गंभीर रुप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां युवक एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरी महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भर शवों को मोरचरी भेज दिया। हादसे के बाद दिल्ली रोड पर भीषण जाम लग गया जिसको पुलिस ने बामुश्किल सुचारु कराया।

जानकारी के अनुसार कमालपुर थाना मैडीकल व हाल निवासी मलियाना 25 वर्षीय नितिन पुत्र धर्मेंद्र बीतीरात स्पलेंडर बाइक से मोहिददीनपुर से रिठानी 30 वर्षीय कविता पत्नि जयवीर और पूनम पत्नि शेरसिंह निवासी रिठानी को छोडने जा रहा था। जिस समय वह दिल्ली रोड स्थित ट्र वैल्यू गाडियों के शोरुम के पास पहुंचे तो पीछे से आए तेज रफतार कैंटर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कैंटर दीवार से टकराने के बाद नाले में जा गिरा। शोरुम के सिक्योरिटी गार्ड नरेंद्र ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल युवक व दोनों युवतियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां उपचार के दौरान नितिन व कविता की मौत हो गई। पूनम की हालत गंभीर बनी हुई है।

मौत की सूचना पर नितिन व कविता के परिजन अस्पताल पहुंचे सभी का रो रोकर बुरा हाल था। थाने पहुंचे परिजनों ने बताया कि पूनम शादियों में फूल बरसाने का काम करती है बीतीरात पूनम के साथ उसकी सहेली कविता भी गई था। शादी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह नितिन के साथ बाईक पर रिठानी जा रही थी। कविता के तीन बच्चे प्रिंस 10 वर्ष, आर्यन 8 वर्ष व काव्या 5 वर्ष है। मृतक कविता का पति जयवीर निवासी गढी रामकोट पानीपत की एक कम्पनी में काम करता है।

कविता का अपने पति जयवीर से विवाद चल रहा था और वह रिठानी में पांच महिने से अलग मां जगवति के पास रह रही थी, मृतक नितिन भल्ला स्पोर्टस में नौकरी करता था। पुलिस ने चालक व कैंटर को पकड लिया और कडी मशक्कत कर दिल्ली रोड का जाम सुचारु कराया।

इंस्पेक्टर सतवीर सिंह अत्री ने बताया कि कैंटर चालक विकास पुत्र मोहनपाल निवासी शताब्दीनगर सेक्टर एक ई ब्लाक को हिरासत में ले लिया गया है मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार संक्षेप

### अघोषित बिजली कटौती से नाक में दम, भाकियू चढूनी ने दी आंदोलन की चेतावनी

**मथुरा/बलदेव।** भाकियू चढूनी के मंडल अध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर ने कहा है कि अघोषित बिजली कटौती से नाक में दम हो गया है। इससे सिंचाई तो प्रभावित हो ही रही है लागत भी बढ़ रही है। खेती किसानी करना मुश्किल हो गया है। किसानों में आक्रोश है। भाकियू चढूनी ने कटौती में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। श्री तोमर ने कहा कि अधिकारियों की संवेदनहीनता, बेरुखी किसानों पर भारी पड़ रही है। सरकार और अधिकारी लाख दावे करें लेकिन हकीकत ये है कि किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। दिन भर बिजली आई गई रहती है जिससे किसानों को 6- 7 घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। किसान खेत में दिन भर बिजली के लिए टकटकी लगाए खड़ा रहता है। किसान खेती किसानी से तंग आ चुका है। आर्थिक स्थिति खराब है, रबी की फसल के समय ढाई महीने बाद नहर , बंबा में पानी छोड़ा गया है। किसान रमेश चंद्र सिकरवार, गुड्डू सरपंच आदि ने कहा है कि रोस्टर के हिसाब से बिजली मिलना तो दूर, हरेक घंटे दो घंटे पर बिजली ट्रिप (गायब) हो जाती है। खेत में जब तक पानी पहुंचता है तब तक बिजली गायब हो जाती है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए अधिक खर्च करना पड़ रहा है। छत्रपाल, हरिपाल सिंह परिहार, सोनवीर सिंह तोमर, हरिओम सिंह परिहार, श्याम सिंह, कुंतभोज रावत, हीरो काका, मेहताब सिंह सिकरवार, पंचम सिंह पचहरा, रविंद्र , कृपा शंकर, रमेश चंद्र उपाध्याय आदि ने आक्रोश जताया है।

### जिलाधिकारी द्वारा निजामपुर कोचिंग सेंटर का निरीक्षण



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने निजामपुर कअर/ढउर कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोचिंग में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद कर पानी, किताबें, प्रिंटआउट मशीन, साफ-सफाई व्यवस्था तथा डिजिटल क्लासेस जैसी उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। छात्राओं ने जिलाधिकारी को अपनी कई समस्याओं से अवगत कराया, जिनमें पेयजल की दिक्कत, अध्ययन सामग्री की कमी, प्रिंटिंग सुविधाओं का अभाव तथा नियमित साफ-सफाई जैसी समस्याएँ प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### धूमधाम से मनाया कालभैरव प्राकट्य उत्सव



**मथुरा/छाता।** पौष मास की अष्टमी को कालाष्टमी के रूप में मनाया जाता है इस दिन कालभैरव प्राकट्य उत्सव मनाया जाता है। काल भैरव अष्टमी पर मंदिर परिसर को भव्य फूलों से सजाकर दिव्य रंगोली बनाकर सजाया गया। बाबा भैरवनाथ को अनेक प्रकार के भोग लगाकर दीपदान किया गया। इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता गौरव अविरल शास्त्री ने बताया कि भैरवनाथ कलयुग के जागृत देव है पौष मास कृष्ण अष्टमी को काल भैरव जयंती के रूप में मनाया जाता है काल भैरव को कल्प काल में सिद्ध व सर्वस्व मनोकामना पूर्व करने वाला कहा गया है। आज के दिन जो कालभैरव अष्टक का पाठ करता है पीपल के नीचे भैरव नाथ के नाम से दीपदान करता है उसकी सभी मनोकामनाएं बाबा के आशीर्वाद से पूर्ण होती है। उपस्थित जनों में नवनीत, मोहित, प्रखर, शिवराम, श्याम बाबू, तेज प्रकाश सिंह, निखिल वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय, अंकित गुप्ता, खुशीराम, सुखदेव, रमेश, कृष्णा बाबा आदि ने आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

# नमो भारत ने परिचालन के दो वर्ष में पूरी की 2 करोड़ कम्यूटर ट्रिप

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** नमो भारत ने परिचालन के दो साल के अन्दर 2 करोड़ कम्यूटर ट्रिप्स का माइलस्टोन पार कर लिया है और इस क्षेत्र में परिवहन के पसंदीदा साधन के रुप में अपना स्थान बना लिया है। अक्टूबर 2023 में इसके परिचालन के आरंभ के बाद से दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो इस परिवहन साधन के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने 20 अक्टूबर 2023 को साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड का उद्घाटन किया था, जिसके अगले दिन यानी 21 अक्टूबर से इस कॉरिडोर पर परिचालन का आरंभ हुआ था। परिचालन के एक महीने पूरे होने के बाद, नवंबर 2023 में कॉरिडोर पर 72,000 से अधिक प्रतिमाह राइडरशिप दर्ज की गई थी। वर्ष 2024 में, कॉरिडोर के परिचालित खंड का मार्च के महीने में मोदीनगर नॉर्थ तक और अगस्त में मेरठ साउथ तक चरणबद्ध रूप से विस्तार किया गया, जिसके साथ ही राइडरशिप में भी लगातार बढ़ोतरी होती रही। वर्ष 2024 के अंत तक, नौ स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किमी का खंड जनता के लिए खोल दिया गया, जिसके साथ ही दिसंबर माह में प्रति माह राइडरशिप बढ़कर लगभग 7 लाख हो गई। यह दिसंबर 2023 में दर्ज राइडरशिप की संख्या से लगभग 10 गुना अधिक है, जो इस आधुनिक परिवहन साधन की लगातार बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

जनवरी 2025 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक दिल्ली सेक्शन में 13 किमी लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन के साथ ही दिल्ली में दो स्टेशन जनता के लिए खोल दिए गए, जिनमें से एक आनंद विहार था जोकि एक महत्वपूर्ण मल्टी-मॉडल हब है। इस खंड के परिचालन से न सिर्फ. दिल्ली, ऐतिहासिक शहर मेरठ से जुड़ गई, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी और आस-पास के राज्यों के हजारों लोग आसानी से इस प्रणाली का प्रयोग करने लगे और नमो भारत से यात्री बन गए। परिचालित खंड के विस्तार के साथ ही वर्ष 2025 के मध्य तक, यानी जुलाई के महीने में प्रति माह राइडरशिप लगभग 15 लाख का आंकड़ा छूने लगी, जो पिछले साल के अंत में दर्ज की गई राइडरशिप का संख्या के दोगुने से भी ज्यादा थी। इसी के साथ, नमो भारत में दैनिक यात्रियों की सबसे अधिक संख्या, 81,550 दर्ज की गई। वर्तमान में, औसतन 55000-60,000 लोग रोजाना नमो भारत ट्रेन में सफर कर रहे हैं और जल्द ही, पूरे कॉरिडोर के परिचालन के साथ यह रोजाना लाखों यात्रियों को सेवा प्रदान करेगी।

नमो भारत में यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या की वजह है- दिल्ली और मेरठ के बीच लगने वाला कम यात्रा समय, आरामदायक अनुभव, निरंतर एवं कुशल ट्रेन सेवा और पीक आवर्स में भी समयबद्ध यात्रा का भरोसा। साथ ही, यात्रियों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए, एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी 15 मिनट से घटाकर 10 मिनट कर दी है और भविष्य में इसे और कम करते हुए 3 मिनट तक करने का भी प्रबंध है।

मेरठ के अशोक राणा कहते हैं कि नमो भारत ट्रेन में यात्रा कर वह अपने समय का सही इस्तेमाल कर पा रहे हैं। जो समय पहले आनंद विहार तक पहुंचने में ही खराब हो जाता था, वह इसे नमो भारत के जरिए बचा रहे हैं। वह सफर के दौरान अपना काम भी कर लेते हैं। उन्होंने कहा, अब ट्रैफिक जाम में नहीं फंसना पड़ता, बस का इंतजार नहीं करना पड़ता। आप नमो भारत में बैठो और आराम से अपने गंतव्य तक पहुंच जाओ। मुझे बेसब्री से इंतजार है कि जल्दी ही मैं मोदीपुरम तक की यात्रा कर सकूंगा।

बहुत से लोग भीषण गर्मी या मॉनसून में बारिश से परेशान होकर, या फिर त्योहारों के मौसम में, जब भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम के कारण सड़क से यात्रा प्रभावित थी, राहत के लिए नमो भारत से यात्रा करने के लिए प्रेरित हुए। पर एक बार जब उन्होंने नमो भारत में तेज, वातानुकूलित, आरामदायक, किफायती यात्रा का अनुभव किया, तो यह नका पसंदीदा वाहन बन गई और फिर कभी वापस नहीं गए।

मेरठ की एक सरकारी स्कूल टीचर ने अपना अनुभव बताते हुए कहती हैं, जब भी कोई ट्रेनिंग या वर्कशॉप होती थी, तो मेरी तो रातों की नींद उड़ जाती थी क्योंकि अक्सर ये गाज़ियाबाद या ऐसे ही इलाकों में होती थीं। समय भी सुबह 8.30 या 9 बजे का होता था। इतनी जल्दी मेरठ से दूसरे शहर पहुँचने के लिए बसों से यात्रा करना बहुत मुश्किल था। पहली बात तो यह कि बसें कभी भी समय पर नहीं मिलती थीं, अगर किस्मत से मिल भी जाएँ तो उनमें बहुत भीड़ होती थी, और सीटों के बारे में मैं कुछ न कहूं तो ही अच्छा है।

# प्रधानाध्यापक को झूठे आरोपों में फँसाने का आरोप

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भरनाकलां, विकास खंड चौमुहां में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक को झूठे मामले में फँसाने व लगातार प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए उनकी पत्नी ने जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने इसके संबंध में जिले के प्रमुख समाचार पत्रों के संपादकों को भी प्रार्थना पत्र भेजकर मामले को संज्ञान में लेने का अनुरोध किया है।

प्रार्थिनी ने बताया कि 27 मार्च 2024 को पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पांच अध्यापक अनुपस्थित पाए गए, जिनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर नौहझील एवं मांट क्षेत्र में सम्बद्ध किया गया।

आरोप है कि निरीक्षण के बाद इनमें से दो शिक्षकों ने प्रधानाध्यापक के साथ अभद्रता, अमर्यादित व्यवहार और मारपीट तक की, यह कहते हुए कि अधिकारी को उनके नाम उसी ने बताए हैं। प्रार्थिनी के अनुसार वर्ष 2023-24 में विद्यालय के भवन निर्माण की धनराशि स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन उसी समय से कुछ लोग मिलकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ षड्यंत्र रचते रहे और उन्हें झूठे मामलों में फँसाने के प्रयास किए। दबंग प्रवृत्ति के कुछ लोग तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा बार-बार दैनिक समाचार पत्रों में भ्रामक खबरें प्रकाशित कराकर विद्यालय, विभाग और प्रधानाध्यापक की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण कार्य मानक व गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है। कुछ कार्य विषम परिस्थितियों के कारण समय पर पूरा नहीं हो सका, जिसे अब पूरा कराया जा रहा है। प्रार्थिनी ने यह भी उल्लेख किया कि उनके पति हार्ट अटैक के मरीज हैं, ऐसे में लगातार बनाए जा रहे दबाव और मानसिक प्रताड़ना से उनकी सेहत पर गंभीर असर पड़ रहा है।

# निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर 15 से 25 तक श्रीजी बाबा आश्रम भूतेश्वर पर लगाया जा रहा मेगा कैम्प

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** श्याम स्टील मैन्युफैक्चरिंग लि0, कोलकाता के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा नेत्र रोगियों की सेवार्थ निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन आगामी 15 से 25 दिसम्बर तक श्रीजी बाबा आश्रम, भूतेश्वर, मथुरा में किया जा रहा है। मोतियाबिंद आदि रोगों से ग्रसित रोगियों का आपरेशन निशुल्क किया जाएगा।

निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श में नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा हर दिन प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद, परवाल, कालापानी आदि रोगों का उपचार एवं ऑपरेशन निःशुल्क रूप से सम्पन्न किए जाएंगे। ऑपरेशन के योग्य पाए गए नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई है। भर्ती किए गए नेत्र रोगियों के ऑपरेशन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर सम्पन्न किए जाएंगे। नेत्र रोगी ऑपरेशन कराने हेतु अपने साथ राशन कार्ड, मोबाइल नंबर एवं पहचान पत्र की फोटो कॉपी अवश्य साथ लेकर आएं। आयुष्मान, दीनदयाल उपाध्याय और सभी सरकारी कार्डधारकों के लिए हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

नेत्र रोगी ऑपरेशन कराने हेतु आधार कार्ड एवं राशन कार्ड, मोबाइल नंबर अपने साथ अवश्य लाएं।

# खड़ोली गांव में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** दिल्ली देहरादून बाईपास स्थित खड़ोली गाँव में जेपी हेल्थ केयर अस्पताल की ओर से आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दवा वितरण के साथ ही ब्लड शुगर, ईसीजी, ब्लड और मूत्र जांच सहित कई परीक्षण निशुल्क किए गए। अस्पताल के एमडी डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आयुष्मान कार्डधारकों का अस्पताल में पूरी तरह निशुल्क उपचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की बीमारियों का उपचार विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा किया जाता है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर जांच कराई। इस दौरान पूर्व पार्षद मनोज सैनी, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. नित्यानंद शर्मा, डॉ. गौरव, डॉ. आजाद, डॉ. मुकुल, डॉ. सविता, डॉ. पूजा, डॉ. दिनेश, डॉ. अनुराग, डॉ. अशोक कुमार और डॉ. कमल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मोक्षधाम में सैंकडों शिवलिंगो का रुद्राभिषेक 18 को, प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ परतापुर।** महर्षि विश्वामित्र तीर्थ स्थापना ट्रस्ट गगोलतीर्थ पर आगामी 18 दिसंबर को अनेक देवियों की प्राणप्रतिष्ठा के साथ मोक्षधाम के सैंकडो शिवलिंगों का रुद्राभिषेक हरिद्वार से आने वाले सैंकडो संत और गरुकुल के सैंकडो विद्यार्थियों द्वारा वेदमंत्रो से रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके लिए 12 दिसंबर से गगोलतीर्थ पर कथा व यज्ञ का आयोजन शुरू कर दिया गया।

महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली गगोल तीर्थ के महंत स्वामी शिवदास महाराज ने शुक्रवार को तीर्थ स्थित प्रांगढ में प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि महर्षि विश्वामित्र तीर्थ स्थापना टस्ट गगोल की और से अनेक देवियों की प्राण प्रतिष्ठा और मोक्षधाम के शिवलिंगों का रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है, इसके लिए सभी तैयारिंया कर ली गई हैं।

महंत शिवदास ने बताया कि मोक्षधाम में पंचतत्वों व 5 कर्मेंद्रियों द्वारा शिवलिंगों की स्थापना भारत में पहली बार की गई है। ट्रस्ट के सचिव रविंद्र एलन ने जानकारी दी कि इस आयोजन में हाईकोर्ट के जज, उ0प्र0 सरकार के जनप्रतिनिधी, राज्यमंत्री, सांसद, मेयर व भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित अनेक जनपदों के प्रतिष्ठित लोग पुण्य लाभ कमाऐंगे। रुद्राभिषेक के आयोजन को लेकर गगोल तीर्थ की साज सज्जा देखते ही बन रही है, मोक्षधाम को भी सजाया गया है।

### पुलिस ने शराब तस्कर को दबोच कर कब्जे से शराब बरामद कर भेजा जेल

**कांधला।** पुलिस ने एक व्यक्ति को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे शराब माफिया के विरुद्ध अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम कौशर पुत्र ताज्जा, निवासी ग्राम माल्हीपुर बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। शुक्रवार को पुलिस ने पकड़े गए शराब तस्कर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## गोवंश की सुरक्षा हेतु 10 से 25 दिसंबर 2025 तक निःशुल्क टीकाकरण

**बुलंदशहर।** जनपद में लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) से गोवंश की सुरक्षा हेतु 10 से 25 दिसम्बर 2025 तक निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह रोग एक विषाणुजनित बीमारी है, जिसमें पशुओं में तेज बुखार, आंख-नाक से स्राव, पैरों में सूजन तथा पूरे शरीर पर कठोर गाँठें बनना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में दूध उत्पादन घटने, गर्भपात तथा मृत्यु तक का खतरा रहता है।

अभियान संचालन के लिए डॉ. सुमेश चन्द्र गुप्ता को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। किसी भी जानकारी के लिए सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक उनके मोबाइल पर संपर्क किया जा सकता है। पशुचिकित्सालय सदर में कंट्रोल रूम स्थापित है। बीमारी से संबंधित सूचना कंट्रोल रूम प्रभारी अनिल कुमार के मोबाइल नंबर 9410434569 या हेल्पलाइन 1962 पर दें।

## बीएलओ ड्यूटी में लगाए माध्यमिक शिक्षकों को तुरंत कार्यमुक्त करें: संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ व वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन प्रसाद से से मिला। मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि बीएएलओ की ड्यूटी में लगाए गए सभी माध्यमिक शिक्षकों को तुरंत कार्यमुक्त किया जाए। भविष्य में उन्हें पुनः इस प्रकार की ड्यूटी में कदापि ना लगाया जाए। उनके कार्य मुक्त होने से माध्यमिक शिक्षा की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि बजट के बाबजूद डीए का भुगतान नही हो पा रहा हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि सभी 34 विद्यालयों का बिल कोषागार भेजा गया है। बिल में कुछ त्रुटि थी, जिसे ठीक करा कर पुनः भेज दिया गया है।



कल देर शाम तक भुगतान कर दिया जाएगा।

शिक्षक नेताओं ने प्रतिमाह विलंब से वेतन मिलने पर आपत्ति जताई तो दोनों अधिकारियों ने कहा कि विद्यालय समय से बिल प्रस्तुत नहीं करते हैं जिसके नाते वेतन भुगतान में दिक्कत हो रही है। सभी विद्यालय माह की 25 तारीख तक हरहाल में बिल जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कर दें। कोषाधिकारी ने कहा कि यदि हमें 28 तारीख तक बिल मिल जाए तो हम हरहाल में पहली तारीख को वेतन का भुगतान कर देंगे। समय से बिल प्रस्तुत करने के लिए कोषाधिकारी ने डीआईओएस को पत्र भी लिखा हैं।

## पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को दबोचा भेजा जेल

**कांधला।** पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चरस बरामद कर मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने मादा पदार्थ तस्करों के धर पकड़ के लिए वह नशे को जड़ से खत्म करने का अभियान नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चला रखा है। गुरुवार की देर रात पुलिस कस्बे के बाईपास मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति व वहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग अभियान में पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया जब पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से 590 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम नवाब पुत्र शरीफ मोहल्ला मिर्दगान कांधला बताया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

## जैन मंदिर में पहली बार भव्य रथयात्रा



वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** दिल्ली रोड स्थित मानसरोवर गार्डन में शुक्रवार सुबह उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी महाराज ससंघ के सानिध्य में चार नवीन जिन बिम्बों की स्थापना श्रद्धा और भक्ति के माहौल में सुरेंद्र जैन, संजय जैन के सौजन्य से सम्पन्न हुई।

प्रतिष्ठाचार्य नमन भैया के निर्देशन में कॉलोनी निवासियों ने श्रृद्धाभाव से श्री पार्श्वनाथ महामंडल विधान किया और लडडू अर्पित किए। उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी महाराज ने कहा कि मंदिर में आकर भगवान की प्रतिमा के दर्शन मात्र से मन और आत्मा प्रफुल्लित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर में रहते हुए गलत भाव नहीं रखने चाहिए और किसी भी गलत कार्य की अनुमोदना से बचना चाहिए, क्योंकि उसके फल स्वयं को भोगने पड़ते हैं। उपदेश से श्रद्धालु भावविभोर हुए। कार्यक्रम के बाद अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया और भव्य रथयात्रा प्रारंभ हुई।

रथयात्रा में ख्वासी का सौभाग्य प्रासुक जैन को मिला, सारथी की भूमिका अजय जैन, श्यामा, अनिल जैन ने निभाई, जबकि कुबेर इंद्र की भूमिका राजीव जैन ने निभाई। रथयात्रा मानसरोवर गार्डन से न्यू शंभू नगर, विश्व एंक्लेव होकर पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। मार्ग में जगह-जगह स्वागत और आरती हुई। मीडिया प्रभारी संजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम और रथयात्रा को सफल बनाने में सीए ऋषभ जैन, अनिल जैन, सौरभ जैन, नितिन, विजय, संजय, अवनीश आदि का विशेष सहयोग रहा।

## वाद्य यंत्र प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, छात्राओ को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** माधवपुरम स्थित शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर कल्चरल क्लब के तहत मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आयोजित त्रिदिवसीय वाद्य यंत्र प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह शुक्रवार को हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने कल्चरल क्लब की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी कला में निपुण होने के लिए निरंतर अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी। कल्चरल क्लब की प्रभारी प्रो. डॉ. लता कुमार ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य ने वाद्य यंत्र प्रशिक्षक बलराम को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। तीन दिवसीय कार्यशाला में 10 छात्राओं ने तबला, ढोलक और हारमोनियम बजाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कल्चरल क्लब की समन्वयक डॉ. राधा रानी ने किया। संयोजन कल्चरल क्लब प्रभारी एवं मिशन शक्ति नोडल अधिकारी प्रो. लता कुमार ने तथा आयोजन क्लब सचिव डॉ. शालिनी वर्मा ने किया। कार्यक्रम में कल्चरल क्लब की कोषाध्यक्ष प्रो. मंजू रानी उपस्थित रहीं।

## रामकाज ही एक मात्र करने योग्य कार्यः ब्र. राघवेंद्र



वेलकम इंडिया

**झांसी।** चिन्मय मिशन झांसी के तत्वाधान में हनुमान चालीसा आधारित ज्ञान यज्ञ में दीप प्रज्वलन बीजेपी महानगर अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह, उपाध्यक्ष श्री भीलवारे जी, रजनी गुप्ता, नूपुर सक्सेना, संयोजक श्री आर पी गुप्ता और संगठन सचिव मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया।

ब्रह्मचारी राघवेंद्र चैतन्य ने सभी साधकों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए चिन्मय परिवार में शामिल हो हनुमान जी तरह राम समर्पित सेवा जीवन का आह्वान किया। उन्होंने कहा सार्थक जीवन वो है जो आत्म कल्याण के प्रयोजन को यानि हनुमान जी की तरह राम काज करने को सदैव आतुर रहे। भगवान से चुने हुए को ही सामर्थ्य मिलता है और फिर वो राम कृपा से दुष्कर कार्य यानि संजीवनी बूटी भी पहाड़ सहित ले लाते है।

सच्चा भक्त वो है जो उनका काम बिना कहे या बताए भी करे तो ऐसे व्यक्ति की भगवान स्वयं बड़ाई करते है और उन्हें भरत जी की तरह प्रिय भाई की तरह हृदय से लगाते है। ऐसे भक्त हनुमान की सभी मुनि, ऋषि, सनत कुमार. देवता, यमराज महिमा गाते नहीं थकते। जिसने भी हनुमान जी का साथ लिया चाहे राजा सुग्रीव हो, विभीषण हो उस पर राम कृपा बरसी। आज ये विचार चिन्मय मिशन झांसी के ब्रह्मचारी राघवेंद्र चैतन्य ने अखंड संत आश्रम में आयोजित हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर व्यक्त किए।

चिन्मय मिशन झांसी के तत्वाधान में आयोजित इस ज्ञान यज्ञ में मणिकांत गहोई वरिष्ठ एड, रवि पांडेय, आर पी मोदी , शायम सुंदर अग्रवाल, रविन्द्र सिंह गौर( भास्कर प्रतिनिधि), नूपुर श्रीवास्तव, शोभा विश्वकर्मा, सुधीर मिश्रा, एस के मिश्रा, प्रतिमा मिश्रा, अशोक अग्रवाल पीनबी, अनूप सिंह चौहान, ज्योति साहू, सुरेश खरया, अश्वनी श्रीवास्तव, इन्ना अम्मा, एस पी श्रीवास्तव, जमुना यादव, देवेंद्र गुप्ता, शिशिर गुप्ता, एच एन मोर, वीरेंद्र सेठ, एन डी गुप्ता, बाबू लाल गुप्ता, कृष्णा सक्सेना आदि रहे।

## नगर पंचायत की लापरवाही, टूटी पुलिया बन गयी जी का जंजाल

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** नगर पंचायत औरंगाबाद की लापरवाही के चलते टूटी पुलिया मौहल्ला सादात के लोगों के जी का जंजाल बन गई है। बेशुमार गंदगी से लोग परेशान हैं लेकिन नगर पंचायत के सर्वेसवाओं में से किसी की सेहत पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।

वार्ड नंबर बारह पीपल के नीचे टंकी रोड पर स्थित पुलिया महीने पहले टूट गयी थी। अभी तक ज्यों कि त्यों पड़ी हुई है। जगह जगह गंदगी और कूड़े करकट के ढेर लगे हैं लेकिन नगर पंचायत के सर्वेसवाओं पर कोई असर नहीं है। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सैयद सईदुल हसन साहब के नवासे सैयद रसीद अहमद नकवी ने कहा कि नगर पंचायत के सर्वेसवाओं को विकास कार्यों के नाम पर लूट खसोट कमीशनखोरी और भृष्टाचार रिश्वत खोरी से ही फुर्सत नहीं है। विकास के नाम पर जेब भरी जा रही हैं। जनता की सुख सुविधाओं से किसी को कोई सरोकार नहीं है।

## 5.50 लाख वसूले... इलाज नहीं बचा पाया जान, सनराइज अस्पताल के डॉक्टर और मैनेजर पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** आयुष्मान कार्ड पर मुफ्त इलाज का भरोसा... और फिर आईसीयू में पड़ा मरीज और बाहर खड़ी पत्नी को यह कहते हुए धमकी दी गई कि अगर ₹पैसे नहीं दोगी तो मरीज नहीं बचेगा! ऐसा सनसनीखेज आरोप भमोरा क्षेत्र की एक महिला ने सनराइज मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टर व मैनेजर पर लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर डॉक्टर रिहान अहमद और मैनेजर सोहिल खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार थाना भमोरा के गांव झिझरी की लक्ष्मी देवी ने बताया है कि उनके 31 वर्षीय पति उवैश कुमार को 25 सितंबर की रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर 100 फुटा रोड स्थित सनराइज अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर रिहान ने भरोसा दिया₹ आयुष्मान कार्ड से इलाज होगा, एक पैसा नहीं लगेगा।₹ लेकिन सिर्फ दो घंटे बाद ही मैनेजर सोहिल ने रुपये मांगने शुरू कर दिए। जब महिला ने एतराज किया तो सीधे धमकी मिली ₹पैसे नहीं दोगी तो मरीज नहीं बचेगा... सरकार से पैसे मिलते ही वापस कर देंगे। लक्ष्मी देवी एक गरीब महिला है, तीन बच्चों का पेट पति के सहारे पलता था। लेकिन मजबूरी में उसे गांव से कर्ज उठाकर 5,33,500 रुपये अस्पताल को किस्तों में देने पड़े। कई भुगतानों की रसीदें तक नहीं दी गई। एफआईआर के मुताबिक, 2 अक्टूबर को शाम करीब 7.15 बजे उवैश की मौत हो गई। महिला पोस्टमार्टम कराने पर अड़ी, ताकि सही वजह पता चल सके। लेकिन परिवार का आरोप है कि तभी डॉक्टर और मैनेजर दौड़े आए और बोले₹ शोर मत मचाओ... सारा पैसा वापस कर देंगे और सरकार से 5 लाख और दिलवा देंगे। ₹इसके बाद सादे कागजों पर परिवार से अंगूठे लगवाए गए और पोस्टमार्टम नहीं होने दिया गया। परिवार ने दबाव में आकर अंतिम संस्कार कर दिया।

## बकाया बिल और बिजली चोरी के राजस्व निर्धारण धनराशि में छूट के लिए विद्युत विभाग की बिजली बिल राहत योजना शुरू

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** बहेड़ी क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिल उपभोक्ताओं और बिजली चोरी मामलों में राजस्व निर्धारण धनराशि में छूट के लिए तीन चरणों का मेगा ऑफर दिया गया है। इस बिजली बिल राहत योजना का लाभ पाने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को पहले 2000 रुपए जमा कर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद बकाया भुगतान के लिए तीन विकल्प दिए गए हैं जिसमें पहले विकल्प के तहत उपभोक्ता बकाया बिल धनराशि को एकमुश्त जमा कर सकता कर सकता है दूसरे विकल्प में 750 रुपए मासिक किश्त में जमा कर सकता है और तीसरे विकल्प में 500 रूपए मासिक किश्त में भी बकाया राशि जमा कर सकता है। इस योजना का पहला चरण दिनांक 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक, दूसरा चरण 01.01.2026 से 31.01.2026 तक और तीसरा चरण 01.02.2026 से 28.02.2026 तक चलेगा। बिजली बिल राहत योजना के तहत उपभोक्ताओं को ब्याज सरचार्ज में 100 प्रतिशत और बिजली चोरी में 50 प्रतिशत की छूट और मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस योजना में 31.03.2025 से पहले बिल जमा करने वालों को छूट का लाभ मिल रहा था लेकिन अब 11 दिसंबर 2025 के बाद से अब 31 दिसंबर 2025 के बाद बिल जमा करने वालों को भी इस आरएमएस योजना का लाभ मिल सकेगा।

## कार की टक्कर से मजदूर व्यक्ति घायल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कैराना मार्ग पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को कार सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कार चालक हादसे का अंजाम देकर फरार हो गया। जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला मंडी निवासी गंगाराम अपने परिवार सहित क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए आया हुआ है। शुक्रवार को वह किसी कार्य से थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित एक निजी स्कूल के निकट पैदल जा रहा था। तभी पीछे से कार चालक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी हादसे



में मजदूर घायल हो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल व्यक्ति के पुत्र अंकित ने बताया कि हादसे को अंजाम देकर कार सवार फरार हो गया।

## साप्ताहिक परेड में एसपी ने जांची पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की शारिरिक दक्षता

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** पुलिस लाईन बागेश्वर के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन हुआ।एसपी चन्द्रशेखर घोडके द्वारा पुलिस बल में एकरुपता एवं अनुशासन लाने के लिये शुक्रवार की परेड का आयोजन कराया गया। एसपी घोड़के द्वारा सर्वप्रथम बारीकी से परेड का निरीक्षण किया गया।

तत्पश्चात पुलिस बल के साथ स्वयं भी दौड़ लगाकर सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मियों को जीवन में स्वस्थ शरीर हेतु नित्य व्यायाम योगासन और दौड़ को प्रतिदिन अपनी





जीवनशैली में अपनाने की सीख दी गई।साथ ही सभी को अच्छी फिटनेस के लिये प्रेरित किया। परेड के दौरान परेड ग्राउंड में दौड़, ड्रिल, शस्त्राभ्यास, स्क्वाड ड्रिल, शास्त्रों का खोलने-जोड़ने का अभ्यास कराया गया। जिसमें सभी थानाध्यक्ष/पुलिस कार्यालय/पुलिस लाईन के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान बागेश्वर पुलिस उपाधीक्षक अजय साह, कपकोट सीओ अशोक शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक, सभी थानों के थानाध्यक्ष, कोतवाल अनिल उपाध्याय, कौसानी कोतवाली प्रभारी कैलाश नेगी, डीसीआरबी प्रभारी टीआर बगरेठा, एलआईयू निरीक्षक अर्जुन सिंह, एसआईबी निरीक्षक अनिल नयाल, एसओजी प्रभारी मो. सलाउद्दीन,सहित एसआई मनवर सिंह, कैलाश बिष्ट, एसएसआई खष्टी बिष्ट, प्रताप सिंह नगरकोटी,खुशवंत सिंह, संजय बृजवाल, दीपक जोशी,सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मी मौजूद थे।

## लापता किशोर को पुलिस ने किया सकुशल बरामद



**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग से चार दिन पूर्व लापता हो गए किशोर को मिशन शक्ति टीम ने बरामद करते हुए सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी गुलाम रसूल का 13 वर्षीय पुत्र जोयफ गत नो दिसंबर को घर के बाहर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों के द्वारा खोजबीन करने के बाद भी किशोर का कहीं भी सुराग नहीं लगा था। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए किशोर को बरामद करने की गुहार लगाते हुए पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी थी। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई थी।शुक्रवार को पुलिस ने खोजबीन करने के बाद किशोर को कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से बरामद करते हुए सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उपनिरीक्षक सुनील दत्त के द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति टीम ने किशोर को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## धनघटा तहसील इकाई में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का गठन, अश्वनी पांडे तीसरी बार निर्विरोध तहसील अध्यक्ष चुने गए

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकारिता को सशक्त और संगठित करने के उद्देश्य से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन धनघटा तहसील इकाई का पुनर्गठन शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी पांडे को एक बार फिर धनघटा तहसील अध्यक्ष चुना गया। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके चयन के साथ ही बैठक का माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी रहे, जिन्होंने नवगठित कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर पत्रकारिता की चुनौतियाँ लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में एक मजबूत संगठन ही पत्रकारों की आवाज बन सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अश्वनी पांडे के नेतृत्व में धनघटा तहसील इकाई पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और पत्रकारिता के स्तर को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

बैठक का प्रारंभ वरिष्ठ पत्रकारों के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद संगठन के विस्तार, पारदर्शिता, तथा कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अंतर्गत नई कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों ने संगठन की एकजुटता पर बल दिया और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संगठन के सदस्यों को परिचय पत्र वितरण किया गया। परिचय पत्र प्राप्त करते ही पत्रकार साथियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखा गया। उन्होंने कहा कि संगठन की पहचान और अधिकारों के लिए परिचय पत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार खान, विनोद दुबे, घनश्याम त्रिपाठी, लालचंद दुसाद, सुधीर दुबे, सुनील राय, घनश्याम शुक्ला, दुर्गेश मिश्रा, अकिल अहमद खान, अरविंद राजभर, हरिहर मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी सहित संगठन से जुड़े तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## स्वस्थ जीवन जीना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार: देवेंद्र नाथ गोस्वामी




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश मोहन लाल विश्वकर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को जिला अस्पताल के एमसीएच विंग परिसर में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे/अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस दिन का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति पैसे की कमी के कारण जरुरी इलाज से वंचित न रह जाए और सबको समय पर चिकित्सक, दवाएं और अस्पताल की सुविधा मिले।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रामानुज कन्नौजिया ने आयुष्मान भारत योजना समेत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राम प्रवेश ने क्रानिकल बीमारी के बारे में बताते हुए उसके इलाज के बावत जानकारी दिया। कार्यक्रम को मुख्य रुप से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वी.के. सोनी, डा. मुबारक अली, डा.राम रतन तथा डा.शैलेन्द्र सिंह ने संबोधित किया।

इस अवसर पर चिकित्सक व अस्पताल में आए मरीज आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है : अजय राय

■ मृतकों के परिजनों को एक करोड़ के मुआवजे की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** प्रदेश के कांग्रेसाध्यक्ष अजय राय ने यहां कहा कि केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग की तथाकथित दमनकारी नीतियों एवं असहयोग रवैये के चलते मोदीनगर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कई तनावग्रस्त बीएलओ की असामायिक मौत हो चुकी है तथा अन्य कई बीएलओ गंभीर हालत में कीमती अस्पतालों में उपचाराधीन है।

अजय राय शुक्रवार को एसआईआर कार्य में लगे डा0 केएन मोदी साइंस एण्ड कॉमर्स कालेज में विज्ञान के शिक्षक लाल मोहन सिंह की गत 5 दिसम्बर को अधिक तनाव के चलते ब्रेन हेमरेज से हुई मौत के बाद यहां नेहरूनगर कालोनी स्थित उनके आवास पर शोकाकुल परिजनों से मिले और उन्हें सांत्सवना दी। उन्होंने रोष जताया कि लाल मोहन सिंह (मृत बीएलओ) के शोकाकुल परिवारजनों को सांत्वना देना किसी भी भाजपा मंत्री अथवा नेता ने गंवारा नहीं समझा, जबकि एक सप्ताह बीत चुका है।

प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष ने मांग की है कि लाल मोहन सिंह सहित सभी दिवंगत बीएलओ के परिवारजनों को एक-एक करोड़ का मुआवजा राशि दी जाए, साथ ही प्रत्येक के परिवार के एक-एक सदस्य को उनकी योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी दी जाए।उ0प्र0 में जंगल राज- प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष अजय राय, यहां गोविंदपुरी के मैन मार्किट में इसी माह लूट का विरोध करने पर वयोवृद्ध गिरधारी लाल सोनी (सर्राफ) की हुई हत्या के मामले में मृतक सर्राफ के आवास पर पहुंचे और उनके परिवारजनों से मिले और हार्दिक शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष ने हमारे संवाददाता के साथ मोबाइल पर अनौपचारिक वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रदेश में जंगल राज है। सरकारी अफसर व कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

पुलिस कथित रूप से सौदेबाजी व अवैध वसूली में जुटी है। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है और भाजपा सरकार मंत्री व भाजपा नेता इन सब स्थिति से अवगत होते हुए भी जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। जिससे देश की निरीह जनता बुरी तरह त्रस्त है। इस अवसर पर वरिष्ट कांग्रेस नेता पं0 सुनील शर्मा, विशाल वशिष्ट, जिला कांग्रेसाध्यक्ष सतीश शर्मा, नगराध्यक्ष ब्रजेश सैन, चांद वीर सिंह, महिला कांग्रेस नगराध्यक्ष कल्याण सिंह, डा0 संजीव शर्मा, विवेक त्यागी सहित अन्य कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## रेलवे सुरक्षा बल पुलिस बरेका ने रेलवे परिसर में सक्रिय चोरों के गिरोह का किया पदार्फाश, पांच चोर गिरफ्तार

**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) बरेका ने रेलवे परिसर में सक्रिय चोरों के गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की हैं चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में आरपीएफ की स्पेशल टीम ने तत्परता, तकनीकी निगरानी और रणनीतिक कार्यवाही के आधार पर पांच आरोपियों को धर दबोचा ऑपरेशन का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक चेतराम मीणा ने कियो टीम में उप निरीक्षक लव कुश प्रसाद, पंकज कुमार, अपराध विंग के एएसआई सतीश तिवारी, हेड कांस्टेबल योगेंद्र निषाद, एनुल हक तथा कांस्टेबल दिनेश प्रसाद, अवधेश चौहान और वीरेंद्र शामिल थे जिन्होंने कार्यवाही में अहम भूमिका निभाई तथा विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राजेश मौर्या का विशेष सहयोग रहा जिसके लिए बरेका रेलवे प्रभारी निरीक्षक चेतराम मीना ने आभार व्यक्त किया। गिरफ्तार आरोपी में मुख्य रुप से राजू, मनीष हरिजन, पंकज तिवारी, शिवशंकर और निशंक भूषण अग्रहरि का नाम शामिल है सभी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही आरंभ कर दी गई है।

# एनवायरमेंट क्लब ने वायु प्रदूषण पर जागरूकता फैलाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एनवायरमेंट क्लब ने अपने प्रदूषण पर वार अभियान के तहत ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, मुरादनगर में वायु प्रदूषण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब टीम ने छात्रों को वायु प्रदूषण की रोकथाम के उपाय बताए। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ता वायु प्रदूषण ना केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। वायु प्रदूषण से भारत और पूरे विश्व में बड़ी संख्या में मौतें हो रहीं हैं। क्लब के प्रदूषण पर वार अभियान के बारे नें बताते हुए कहा कि आज निरंतर बढ़ रहे स्मॉग और वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु सरकारी स्तर के साथ साथ व्यक्तिगत स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। छात्रों को समझाया गया कि अपने आसपास कहीं भी ना कूड़ा और ना ही प्लास्टिक, रबर आदि जलाएं और ना ही किसी को भी जलाने दें। घर में लगे पेड़ पौधों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करते रहें, स्वयं के वाहनों का कम और सार्वजनिक वाहनों का अधिक प्रयोग करें।

उपयुक्त मौसम होने पर पेड़ लगाएं व उसका ध्यान रखें। कहीं भी कूड़ा जलते देखें पहले उसे अपने स्तर से बुझाने का प्रयास करें या फिर समीर ऐप अथवा नगर पालिका या पुलिस को सूचित करें। स्कूल प्रधानाचार्य सलोनी पंवार ने छात्रों को वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही वर्तमान समय की उभरती वायु प्रदूषण की समस्या से निपटा जा सकता है। अंत में सभी को वायु प्रदूषण रोकने हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया व शपथ दिलाई।

इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सलोनी पंवार, क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, समन्वयक उत्कर्ष शर्मा, प्रीति शर्मा, ईशिका, पंकज, हिमांशु, ममता दहिया, विशाल गौड़, अर्शी त्यागी, परवेज, रोहित, किट्टू, जोया, कशिश, मयंक, अर्जुन, विधी कौशिक, लक्ष्य निचंत आदि मौजूद रहे।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज ने ने ट्रेंडी हाउस कंपनी के साथ किया एमओयू



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज ने ट्रेंडी हाउस कंपनी के साथ एमओयू, किए जाने पर छात्राओं को रोजगार की सौगात मिली है। अजमेरः गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज ने छात्राओं को उद्योग आधारित एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ट्रेंडी हाउस कंपनी के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू कॉलेज की प्रख्यात प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस एमओयू के तहत कंपनी द्वारा छात्राओं को कौशल विकास, प्रशिक्षण और प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस समझौते के परिणामस्वरूप कॉलेज की छात्राओं – ईशा झा, निशा, तनु, निकिता, मिनाक्षी और शिवानी शर्मा– का चयन कर उन्हें रोजगार प्रदान किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया में शिवानी शर्मा का विशेष सहयोग रहा। जिन्होंने छात्राओं को तैयारी, मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज प्रशासन ने उनके योगदान की सराहना की। प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा ने कहा कि इस एमओयू का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना तथा उनकी एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स को मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि ऐसे उद्योग-शैक्षणिक सहयोग से छात्राओं में व्यावहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं। कॉलेज प्रबंधन ने चयनित छात्राओं को बधाई दी और कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे ताकि छात्राओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें।

# मोदी कॉलेज में युवा उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग गाज़ियाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में आयोजित किया गया। युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ मंजू शिवाच विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर एवं ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोकगीत, भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, चित्र कला एवं इनोवेशन विज्ञान मेला आदि के माध्यम से युवाओं को प्रतिभाग कराकर युवाओं के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निकालने का प्रयास किया जिससे युवा पीढ़ी राष्ट्रीय विकास में योगदान दे सके। क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने युवाओं को राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख भोजपुर, श्रीमती सुचेता सिंह ने प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन कर अपने परिवार के साथ साथ अपने क्षेत्र और ज़िले का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया।

युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने किया। विजेता प्रतिभागियों को विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं माननीय ब्लॉक प्रमुख सूचित सुचेता सिंह द्वारा सम्मान प्रतीक, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व ऋषि कुमार जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी व सौरभ सिंह, व्यायाम प्रशिक्षक गाज़ियाबाद, प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चन्द अग्रवाल एवं प्रवीण कुमार जैनर एवं एन सी सी अधिकारी मोदी कॉलेज तथा विभाग के अन्य अधिकारियों द्वारा विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह का स्वागत बुके एवं सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी आर के सिंह, डॉ नीतू, कैप्टन रजनीश जिंदल, महाननन्द सिंह, शरद कुमार बाजपेई, बलराम सिंह, वर्षा चौधरी, संजीव कुमार, नंदलाल, रेखा, अनिल यादव, शुभांगी पाठक, हेमा रावल, मोनिका रानी, रितु जांगिड़, ललितेश, अनुराधा, आदि का विशेष योगदान रहा। युवा उत्सव कार्यक्रम में इनोवेटिव विज्ञान मेला में शिवाजी पुत्र सोनू कुमार प्रथम, आरती, अंशिका, हिमानी, ईशिका टीम द्वितीय तथा काव्यास तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में मोदी कॉलेज के अयान अलवी पुत्र नदीम अलवी प्रथम, शिवॉश सिंह द्वितीय तथा शिवाजी पुत्र सोनू कुमार तृतीय स्थान पर रहे जबकि सामूहिक लोक गीत में पीबीएएस कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर की छात्राएँ प्रथम तथा रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज की छात्राएँ द्वितीय स्थान पर रही।

सामूहिक लोक नृत्य में पीबीएएस कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर की छात्राएँ प्रथम तथा रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज की छात्राएँ द्वितीय स्थान पर रही। कहानी लेखन प्रतियोगिता मे इकरा पुत्री मोहम्मद नौशाद प्रथम, सोफिया पुत्री महरूददीन द्वितीय तथा जैनब पुत्री जाकिर तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में मोदी कॉलेज के कृष्णा वर्मा प्रथम अक्षय वर्मा द्वितीय तथा तनिष्क तृतीय स्थान पर रहे।

## विधायक डॉ मंजू शिवाच की शादी की सालगिरह पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कस्बा निवाड़ी निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी ने मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर देवेंद्र सिवाच की शादी की सालगिरह पर उनके कार्यालय पर पहुंचकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। संजय त्यागी ने कहा कि डॉक्टर मंजू शिवाच क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक है। उन्होंने जनता की समस्याओं को दूर कराने के साथ-साथ विकास के कार्य को गति प्रदान की है और दुख सुख में जनता के साथ खड़ी रहती है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कस्बा निवाड़ी निवासी संजय त्यागी ने भाजपा के जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल सिंह से शिष्टाचार की। संजय त्यागी ने कहा कि भाजपा के लोकप्रिय एवं जुझारू जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल सिंह द्वारा जिले में बहुत ही अच्छे कार्यों के लिए उनको शुभकामनाएं दी क संजय त्यागी ने एस आई आर फार्म भरवाने में जिले में अच्छा स्थान प्राप्त करने के लिए बड़े भाई अरुण त्यागी जो दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं उनको बहुत शुभकामनाएं दी और इसी तरह जिले में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया और कहा कि हम हमेशा आपके कार्यों में साथ रहेंगे।

# कस्बा निवाड़ी में मिशन शक्ति, साइबर से संबंधित कार्यक्रम में लोगों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत निवाड़ी कार्यालय पर निवाड़ी थाना अध्यक्ष जयपाल सिंह रावत अपनी पूरी टीम सहित ग्राम वासियों के साथ संवाद कर मिशन शक्ति केंद्र साइबर से संबंधित अपराध, संविधानों में महिलाओं की सुरक्षा सहयोग एवं संरक्षण हेतु समर्पण मिशन शक्ति केदो की स्थापना अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे बाजरो मॉल पार्क स्कूल कॉलेज कोचिंग संस्थान में अन्य स्थलों को असामाजिक तत्व से मुक्त कराए जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी है भद्रता अश्लील प्रदर्शन एवं टिप्पणियों की घटना को रोकना के बारे में जानकारी दी।

कस्बा निवाड़ी के क्षेत्र वासियों से भी जानकारी ली कि कस्बा निवाड़ी में जो भी कोई समस्या है कस्बे वासियों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी। मुख्य रूप से 10 बजे के बाद डीजे पर पाबंदी डीजे का वाइब्रेशन पर पाबंदी लगे अन्य समस्याएं रखी।

काफी संख्या में महिला भी मौजूद रही मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, भाकियू के नगर अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, व्यापारी आशीष गोयल, सभासद नितिन बंसल, देवांश त्यागी, किरण त्यागी, सोनू त्यागी, राज प्रकाश त्यागी, देवेंद्र कुमार, राजू जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**स्याना(बुलंदशहर)।** शुक्रवार को खानपुर थाना के अमरपुर चौराहे पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चला कर 12 गाड़ियों के चालान और एक गाड़ी को सीज किया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन तलाशी ली गई, साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यह चेकिंग अभियान थाना प्रभारी संदीप मलिक के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों द्वारा चलाया गया पुलिस ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की बारीकी से जांच की। और वाहन चालकों को पेंडिंग चालान राष्ट्रीय लोक अदालत में जमा करने के लिए जागरूक किया गया। खानपुर थाना प्रभारी संदीप मलिक ने बताया। कि अभियान का मुख्य उद्देश्य परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों पर अंकुश लगाना है।

## रूदौली पुलिस नेमिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता के विषय में किया जागरूक



वेलकम इंडिया फतेह खान

**अयोध्या।** कोतवाली रूदौली पुलिस ने कस्बा रूदौली में स्थित महिला अस्पताल में पहुंच मिशन शक्ति फेस 5 एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिलाओं तथा पुरुषों को जागरूक किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली पुलिस में महिला उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता व आरक्षी धीरज कुंतल द्वारा महिला अस्पताल कस्बा रुदौली में जाकर मिशन शक्ति अभियान फेस 5 तथा साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिलाओं तथा पुरुषों को जागरूक किया। जिसमें उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 112, 102, 108, 276, 1098 आदि के बारे में बताया गया तथा साइबर जागरूकता के बारे में भी जानकारी दी गई। उनको सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया गया तथा अन्य जानकारियां साझा की गई।

# आईपीईसी और सी-डैक के बीच एमओयू, उभरती तकनीकों में संयुक्त शोध व नवाचार को मिलेगी मजबूत दिशा

वेलकम इंडिया



**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज ने तकनीकी सहयोग, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान सी-डैक के सेंटर हेड एवं साइंटिस्ट ह्यजीह्न जितेन्द्र सिंह तथा इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार सोलंकी द्वारा साइन किया गया।

एमओयू का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग, साइबर सिक्योरिटी, सॉफ्टवेयर टेक्नॉलजी, ई-गवर्नेंस, स्मार्ट सिटी सॉल्यूशंस सहित आधुनिक और उभरती तकनीकों के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त शोध, विकास और तकनीकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना है।

निदेशक डॉ. अनिल कुमार सोलंकी ने कहा कि यह साझेदारी उद्योग और शिक्षा जगत के बीच एक मजबूत पुल का काम करेगी। दोनों संस्थान मिलकर तकनीकी समाधान विकसित करने, नवाचार को बढ़ावा देने, रिसर्च को मजबूत करने और नई पीढ़ी के छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि यह समझौता आधुनिक तकनीकों के वास्तविक उपयोग और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्षमता निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर सी-डैक की ओर से अपूर्व कोहली (वैज्ञानिक ह्यईह्न), अरविंद कुमार (वरिष्ठ सलाहकार–नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन), देवदत्त ससमला (वैज्ञानिक ह्यएफह्न), डॉ. प्रियंका जैन (वैज्ञानिक ह्यएफह्न), सुनील कुमार (वैज्ञानिक ह्यईह्न), अनूराग राजपूत (वैज्ञानिक ह्यडीह्न), ऋचा चौधरी तथा डॉ. शोयब अली उपस्थित रहे।

वहीं इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित जैन तथा डॉ. पूजा त्रिपाठी ने कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की।

आईपीईसी और सी-डैक के बीच इस महत्वपूर्ण एकेडमिक-इंडस्ट्री सहयोग से छात्रों, शोधकताओं और शिक्षकों को हाई-एंड तकनीकों के वास्तविक उपयोग, प्रशिक्षण और अनुसंधान के नए अवसर मिलेंगे, जिससे क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकी इकोसिस्टम को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# पल्स पोलियो अभियान जागरूकता हेतु निकाली गई विशाल रैली





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** पल्स पोलियो अभियान 14 दिसम्बर 2025 के सफल संचालन हेतु श्री सुल्लामल रामलीला मैदान, घन्टाघर गाजियाबाद से एक विशाल रैली आयोजित की गयी। इस रैली शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद डा० अखिलेश मोहन ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य जनपद के नागरिको को दिनांक 14 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ होने वाले पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक करना था।रैली में 47 पी०ए०सी० बटालियन, एन०सी०सी० कैडेट्स, एम०बी० गर्ल्स इन्टर कॉलेज गाजियाबाद, ठाकुरद्वारा इन्टर कॉलेज हापुड मोड एवं शम्भू दयाल इन्टर कॉलेज के विद्यार्थियों, डब्लू०एच०ओ०-एन०पी०एस०पी० व यूनीसेफ के प्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह रैली श्री सुल्लामल रामलीला मैदान, घन्टाघर गाजियाबाद से प्रारम्भ होकर एम०एम०जी० जिला चिकित्सालय गाजियाबाद मे सम्पन्न हुई।इस रैली में उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा० जितेन्द्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी गाजियाबाद श्री जी0के0 मिश्रा, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक श्री नरेन्द्र, पोलियो प्रभारी अधिकारी डा० पवन कुमारी व डा० सबा परवीन, एस०एम०ओ० डब्लू०एच०ओ० डा० अभिषेक व यूनीसेफ प्रतिनिधि मौ० सादाब भी सम्मिलित थे।

# कोरोनावायरस में विधवा हुई महिला का परमार्थ सेवा ट्रस्ट में रचाया विवाह



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सेक्टर 23 की जागृति बिहार में अपने पिता के साथ रह रही हैं अंजली शर्मा को पुंन विवाह बंधन में बांधने का कार्य आज परमार्थ सेवा ट्रस्ट के द्वारा संपन्न कराया गया अंजली शर्मा का पूर्व विवाह जनपद शामली निवासीजिस युवक से हुआ था उसका आज भी है युवक की कोरोनावायरस में निधन हो गया अब अंजली शर्मा का विवाह सिवाल खास मेरठ निवासी नीरज के साथ संपन्न किया गया बारात संजय नगर स्थित शुभम बैंक्विट हॉल में आई आई तथा गोधूलि की बेला में 5:00 बजे विवाह संस्कार शुरू हो गया तत्पश्चात जयमाला डालकर दोनों ने एक दूसरे को ग्रहण किया और दोनों पक्षों की परिजनों ने पुष्प हार डालकर उनका आशीर्वाद दिया परमारत शिव ट्रस्ट के द्वारा नव दंपति को विवाह के उपरांत ग्रस्त जीवन में काम आने वाले अनेक उपहार भेंट किए जिन में डबल बेड, बड़ी वाली लोहे की अलमारी,,वाशिंग मशीन टीवी, डिनर सेट स्टील का, मिक्सी कम ग्राइंडर 21 साड़ियां, मेकअप बॉक्स, पर्स, गद्दे डबल बेड के कंबल, बेडशीट आदि उपहारमें दिए वी सिंघल अरुण त्यागी अध्यक्ष परमार्थ सेवा ट्रस्ट, आशीष त्यागी एसौमैक मशीन वाले, शिव कुमार शर्मा महामंत्री हनुमान मंदिर, डॉ बीके शर्मा हनुमान मीडिया प्रभारी राकेश चंद्र अग्रवाल रमा गुप्ता, आदर्श सिंगल मुकेश सिंगल प्रदीप सिंगला वरिष्ठ भाजपा नेता पवन गोयल के वॉल्टन ललित जायसवाल लोकेश सिंगल लवकेश गुप्ता हेमंत कंसल डीके मित्तल क का सहयोग रहा कार्यक्रम में नव दंपति को आशीर्वाद देने के लिए क्षेत्रीय विधायक अजीतपाल त्यागी वार्डन सिविल डिफेंस पधारे

## वैशाली स्थित किराना स्टोर से 03 बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विनीता सिंह सहायक श्रमायुक्त ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जिलाधिकारी, महोदय द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन में श्री अनुराग मिश्र, उप श्रमायुक्त गाजियाबाद के नेतृत्व में सुश्री रीना एवं श्री विनोद कुमार शर्मा श्रम प्रवर्तन अधिकारियों के द्वारा ए०एच०टी०यू० एस०आई० श्री जितेन्द्र सिंह एवं केयर फार यू एन०जी०ओ० से श्री रिजवान अली की संयुक्त टीम द्वारा बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं चिन्हीकरण हेतु अभियान चलाकर वैशाली स्थित किराना स्टोर से 03 बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। इन बाल श्रमिकों के सेवायोजकों के विरूद्ध अधिनियम में की गयी व्यवस्थानुसार नियमानसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी। शासन एवं श्रम आयुक्त महोदय के निदेर्शानुसार अभियान समय-समय पर चलाकर बाल / किशोर श्रमिकों के चिन्हीकरण को और अधिक बढ़ाया जाएगा, जिससे जनपद को बाल श्रम मुक्त कराया जा सके और बाल श्रम कुप्रथा को रोका जा सके।

# पत्रकारिता जगत के सशक्त हस्ताक्षर राज कौशिक ने अपनी रचनाओं से देश-विदेश में अलग पहचान बनाई है: बीके शर्मा हनुमान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद:** पत्रकारिता की दुनिया में सशक्त हस्ताक्षर तथा प्रसिद्ध कवि व शायर राज कौशिक का जन्मदिन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान और समाजसेवी गौरव बंसल ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनका अभिनंदन कर उनके अच्छे स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की। बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि राज कौशिक ने पत्रकारिता के साथ साहित्यिक जगत में भी देश-विदेश में अपनी लग पहचान बनाई है। उन्होंने देश के प्रमुख समाचार पत्रों में कार्य किया है। अमर उजाला व दैनिक जागरण के वे



गाजियाबाद में ब्यूरो चीफ रहे हैं। अमर उजाला का जब गाजियाबाद का संस्करण शुरू हुआ तो उस समय राज कौशिक ही ब्यूरो चीफ थे और उन्होंने अपनी लेखनी, मेहनत व लगन से अमर उजाला को घर-घर में लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ के रूप में भी उन्होंने पत्रकारिता में नए आयाम स्थापित किए। राज कौशिक पिछले एक दशक से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय काव्य मंचों पर सक्रिय हैं। वे लंदन, केन्या, सिंगापुर, दुबई, थाईलैंड, मलेशिया और नेपाल आदि देशों में काव्यपाठ कर वहां के लोगों का दिल जीत चुके हैं। देश-विदेश में उन्हें अनेक पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। गाजियाबाद के काव्य-साहित्य के क्षेत्र के लिए तो वे आशा की किरण बनकर उभरे हैं। उनके नेतृत्व में गाजियाबाद में निरंतर कवि सम्मेलन, गोष्ठियों का आयोजन हो रहा है और यहां के लोगों को देश-विदेश के ख्याति प्राप्त कवियों व शायरों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। पत्रकारिता से साहित्य जगत में आए राज कौशिक अब पूरी तरह से साहित्य में रम गए हैं। स्वतंत्र पत्रकारिता के साथ काव्य लेखन कर रहे हैं। साथ ही अक्सर टीवी चैनलों की लाइव डिबेट में भी विभिन्न मुद्दों पर अपना पक्ष रख रहे हैं।

# कूड़े के ढेर में केमिकल से लगी आग, काबू पाना मुश्किल

**वेलकम इंडिया**

**साहिबाबाद।** भोपुरा स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के पास मैदान में पड़े कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। ढेर में पड़े केमिकल से आग धधकती चली गई। 24 घंटे बाद 12 दिसंबर को भी आग नहीं बुझ सकी। दमकल की टीमों को भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद जेसीबी से मिट्टी खुदवाकर आग बुझाने का प्रयास जारी है। वहीं, पुलिस केमिकल फेंकने वाले की तलाश पुलिस कर रही है। सोसायटी के रहने वाले राकेश ठाकुर ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात एक ट्रक मैदान में पहुंचा और बड़ी संख्या में सूखे केमिकल से भरे बोरे कूड़े के ढेर पर पलट दिए। हलचल होती देख स्थानीय लोग वहां पहुंचे और चालक को पकड़ लिया। डायल 112 पर फोन करके लोगों ने पुलिस को बुलाया। इस बीच ट्रक चालक मौका पाकर भाग गया। विज्ञापनदेर रात केमिकल की वजह से कूड़े के ढेर में आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार देख लोगों ने दमकल को फोन किया। मौके पर अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां पहुंचीं, लेकिन आग पर काबू नहीं पा सकीं। जांच करने पर पता चला कि कूड़े के ढेर में फैक्टरी से निकला हुआ केमिकल भारी मात्रा में फेंका गया है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि इस आग को मिट्टी से दबाकर ही बुझाया जा सकता है। रात ही जेसीबी बुलवाकर मिट्टी डलवाई गई थी, लेकिन केमिकल की मात्रा ज्यादा होने की वजह से आग लगातार धधक रही है। शुक्रवार को भी लोगों ने जेसीबी से मिट्टी में कूड़े व केमिकल को दबाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। मामले में आरोपी ट्रक चालक व फैक्टरी संचालक पर कार्रवाई की मांग करते हुए लोगों ने पुलिस को तहरीर दी।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक का पहचान संबंधी दस्तावेज मिला है। चालक की तलाश की जा रही है। हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर को जन-सुविधाओं हेतु कैंपों का होगा आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**गाज़ियाबाद।** कुमार मिताक्षर सचिव डीएलएसए द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया गया कि आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर न्यायालय परिसर में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में नागरिकों के लिए आवश्यक सरकारी दस्तावेजों एवं योजनाओं से संबंधित कार्य सुगमता से कराए जाएंगे। इन कैंपों में आयुष्मान कार्ड व स्वावलंबन (यूडीआईडी) कार्ड के नए आवेदन और सुधार संबंधी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इसका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को इन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल सके। कुमार मिताक्षर सचिव डीएलएसए ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन लगाए जा रहे इन कैम्पों में प्रत्येक काउंटर पर संबंधित विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे, जो आने वाले नागरिकों को आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेंगे। अतः आम लोगों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैंपों में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लें और समय पर अपने कार्ड बनवा लें। कुमार मिताक्षर ने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करवा कर लाभ प्राप्त करें। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जन सेवा के लिए किया जाता है, अतः इसका लाभ अवश्य लें। स्वावलंबन (यूडीआईडी) कार्ड दिव्यांगजन ₹विकलांग व्यक्तियों₹ हेतु आवश्यक दस्तावेज-गाज़ियाबाद का आधार कार्ड, रहअश्छअटइअठ उअफऊ ढडफळअछ पर ऑनलाइन पंजीकरण और संबंधित बीमारी के पुराने दस्तावेज। आयुष्मान कार्ड हेतु आवश्यक दस्तावेजः आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं आधार से कनेक्ट मोबाइल नंबर जिस पर ओटीपी आता है।

## घुसपैठियों को भगाने की मांग, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास सेवा समिति के साथ कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि घुसपैठिया भगाओ, गाजियाबाद बचाओ, बंगलादेशी, रोहिंग्याओं को बाहर निकालो के नारे लगाते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। सामाजिक संगठनों ने घुसपैठियों को भगाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समिति के संयोजक नवनीत सिंह और जन अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर विशेषकर इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी, विजयनगर, चांदमारी मिलिट्री ग्राउंड में झुग्गी–झोपड़ियां बनाकर अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठिया रह रहे हैं।

# प्रशिक्षण शिविर में दी गई बचाव एवं सावधानी की जानकारियां

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** ञभारत सरकार गृह मंत्रालय, महानिदेशक नागरिक सुरक्षा द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के वार्डन/स्वयं क्षमता निमार्ण का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के अनुपालन में प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का आयोजन दिनांक 08.12.2025 से 07 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र प्रात 10:00 बजे से रामलीला मैदान, कविनगर स्थित जानकी सभागार में किया जा रहा है।



प्रशिक्षण में सर्वप्रथम श्री गुलाम नबी सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा बचाव सेवा के अंतगर्त आने वाले कार्य, बचाव, सावधानियां का अन्य बचाव के प्रयोगो के परिचय पर प्रकाश डाला गया।इसके उपरांत श्री रमाकांत यादव 8वीं बटालियन एन.डी.आर.एफ. गाजियाबाद द्वारा बाढ़ प्रभावित इलोको में सहायता प्रदान करना, भीड़ नियंत्रण करना, सी. पी.आर का प्रयोग, ध्वस्त भवन का सर्वेक्षण एवं बचाव के चरण एवं ध्वस्त भवन में प्रवेश में सावधानियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रशिक्षण में श्री गुलाम नबी, सहायक उपनियंत्रक, श्रीमती विमलेश, भण्डार अधीक्षक, श्री हर्ष वर्मा, डिवीजनल वार्डन आरक्षित, श्री दीपक अग्रवाल, डिवीजनल वार्डन, श्री तुषार शर्मा, आई.सी.ओ. नागरिक सुरक्षा, गाजियाबाद द्वारा अपना महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

# 18 दिसम्बर, 2025 को होगा वृहद रोजगार मेले का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद एवं आर० डी० इंजी० कॉलेज, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दिनॉकः 18 दिसम्बर, 2025 को आर० डी० इंजी० कॉलेज, मेरठ रोड, दुहाई, गाजियाबाद में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वृहद रोजगार मेले में टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की कम्पनियों द्वारा 3500 से अधिक विविध पदों के सापेक्ष चयन / साक्षात्कार किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता निम्न प्रकार हैः- योग्यता-हास्कूल से स्नातक/ स्नातकोत्तर,



आई०टी०आई०, डिप्लोमा, बी०टेक। आयुसीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष तक। साक्षात्कार का स्थान आर० डी० इंजी० कॉलेज, मेरठ रोड, दुहाई, गाजियाबाद। वृहद रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायाजन कार्यालय मेरठ मण्डल की अध्यक्षता में आर०डी० इंजी०कॉलेज के उच्च अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 को समयानुसार प्रातः 10.00 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बायो-डाटा (कम से कम 05) की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग करें।

# नोएडा बिसरख पुलिस ने पैसे को दो गुना करने के नाम पर ठगी करने वाले 6 नटवरलाल को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा सट्टे में पैसे लगाकर दोगुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के 6 आरोपियों को बिसरख कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से दो लग्जरी कारें, धोखाधड़ी के पांच लाख 75 हजार रुपये, रुपये गिनने की मशीन, 6 मोबाइल, तीन ट्रॉली बैग नोटनुमा कागज की गड्डी से भरे हुए और पांच फर्जी आधार कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया है.

पुलिस ने जौनपुर निवासी शुभम तिवारी पुत्र बृजनाथ तिवारी, बस्ती निवासी नवीन सिंह पुत्र शत्रुघ्न सिंह, बिहार निवासी इंद्रमणि पुत्र मनोज चौरसिया एवं चंचल पुत्र तरुण मिश्रा, निराला एस्पायर निवासी गौरव गुप्ता पुत्र केदारनाथ, रितेश पुत्र अनुज को गिरफ्तार किया है.

**मामले में सेंट्रल डीसीपी ने दी यह जानकारी:** सेंट्रल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद निवासी दीपिका अग्रवाल ने बिसरख कोतवाली में शिकायत दी कि उनके जीजा विशाल अग्रवाल पिछले दस दिनों से किसी सोनू यादव नाम के शख्स से बातचीत कर रहे थे. जो पैसे दोगुने करने की बात कह रहा था।

दीपिका ने भाई के माध्यम से 16.50 लाख रुपये की व्यवस्था की. उसके बाद जीजा जोकि डॉक्टर है, उनके साथ 4 दिसंबर को गौड़ सिटी मॉल पहुंचे. यहां उनकी मुलाकात सोनू यादव से हुई. वह अपनी कार में बैठाकर उन्हें सेंच्यूरियन टेरेसा होम्स सोसाइटी ले गए.

इस तरह लगाया चूना सोसाइटी में पहले से ही दो युवक मौजूद थे. उन चारों ने दीपिका से पैसे ले लिए और दो गुने पैसो से भरा बैग थमा दिया. सोनू यादव और छोटू उन्हें लेकर फ्लैट से नीचे आए और कार से ब्लू सफायर मॉल पहुंचे. वहां से वह चले गए. उन्होंने बैग चेक किया तो नोटों की गड्डी के ऊपर केवल एक असली नोट था और नीचे कागज की गड्डी थी. वापस लौटे तो उन्हें फ्लैट खाली मिला.

यह गैंग लोगों को दोगुना धन करने का लालच देकर सट्टे में पैसे लगाने की बात कहकर धोखाधड़ी किया करता है. गिरोह में 6 से सात लोग शामिल है. दो युवक लोगों को अपने जाल में फंसाते थे. वह ऐसे लोगों को टारगेट करते थे, जोकि अपने पास नगदी रखते है. आरोपी फ्लैट में एक तख्त रखते थे. जिसे काटकर एक छेद बनाया हुआ है.

तख्त को दीवार के पास रखते थे और दीवार में भी एक छेद किया जाता. तख्त पर एक आरोपी पैसे गिनकर बैग में गड्डियां रखने का काम करता था. दूसरा नोटों की असली गड्डियों को चौकी के नीचे बैठे व्यक्ति को पकडा देता था. कागज की गड्डियों पर एक असली नोट लगाकर बैग में रख देता था. यह पूरी धोखाधड़ी इस तरह की जाती कि सामने वाले को उसकी भनक तक नहीं लगती थी. आरोपी अपने पास पैसे गिनने की मशीन भी रखते थे. असली नोट दिखाकर बैग में नकली रखे जाते थे।

